तापमान
अधिकतम 42.9 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025

12 जब्ती पर दर्ज करना होगा नोटों का सीरियल...


14 साढ़े तीन माह में 20 हजार महंगा हुआ सोना अभी...


## योग्यता की कमी... रविवि को नहीं मिले मनोविज्ञान प्राध्यापक, तीसरी बार जारी होगा विज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को मनोविज्ञान विषय के लिए प्राध्यापक नहीं मिल सके। अब रविवि इसके लिए पुनः विज्ञापन जारी किए जाने से लेकर अन्य प्रक्रियाएं पूरी करेगा। बीते सप्ताह हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, रविवि द्वारा सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग में एसोसिएट प्राध्यापक के पदों पर भर्ती की जानी थी। इसके लिए जो भी आवेदन रविवि को प्राप्त हुए थे, वे पद के लिए निर्धारित योग्यता को पूर्ण नहीं करते थे। इस कारण रविवि ने ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इन विषयों के लिए जारी हुए थे विज्ञापन

विवि द्वारा जिन विषयों के लिए विज्ञापन जारी हुए थे, उनमें साइकोलॉजी सहित समाज शास्त्र, इतिहास, प्रचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति और पुरातत्व, कम्प्यूटर साइंस, साहित्य और भाषा, अर्थशास्त्र, फिजिक्स एंड एस्ट्रोफिजिक्स, फिलॉसिफी एंड योगा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स, ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड लेजर टेक्लोलॉजी, बायो-साइंस, एमबीए, बायो टेक्नालॉजी, मैथ्स, फार्मेसी, एंथ्रोपोलॉजी, लॉ, रीजनल स्टडीज, जिओलॉजी, सेंटर फॉर बेसिक साइंस, हिन्दी, लाइब्रेरी इंफॉरमेशन, स्टेटिस्टिक्स, केमिस्ट्री और इनवायरमेंटल साइंस शामिल थे।

### विवि ने विभिन्न विभागों में प्राध्यापक के 60 पदों पर निकाली थी भर्ती



■ नवंबर तक मांगे गए थे आवेदन, पूर्व में थे 49 पद


### ...तो विलोपित हो जाएंगे पद

किसी भी शासकीय शैक्षणिक संस्थान में भर्ती के लिए उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त करने निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना पड़ता है। जिस शैक्षणिक सत्र में अनुमति ली जाती है, उसी सत्र में यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करनी होती है। ऐसा नहीं किए जाने पर उक्त पद विलोपित हो जाते हैं तथा नवीन सत्र में फिर से अनुमति लेनी होती है। रविवि का नवीन शैक्षणिक सत्र 16 जून से प्रारंभ होगा। ऐसे में विवि द्वारा कोशिश की जा रही है कि इसके पहले ही पूर्व अनुमोदित पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जाए।

### नैक टीम ने जताई थी आपत्ति

रविवि को दो वर्ष पूर्व हुए रैंकिंग में बी डबल प्लस ग्रेड मिला था। अपनी कई खामियों के चलते रविवि ए ग्रेड से फिसलकर इस पोजिशन पर आ गया था। ग्रेडिंग के दौरान खामियां गिनाते हुए नैक ग्रेडिंग टीम ने छात्र-प्रोफेसर औसत पर भी आपत्ति जताई थी। यूजीसी द्वारा तय किए गए मापदंडों के अनुसार विवि अध्ययनशाला में प्रति 10 छात्रों के पीछे तय प्राध्यापकों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। नियमतः नैक ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### एक दर्जन नशेड़ी वाहन चालक दबोचे गए

**रायपुर।** एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने वीआईपी रोड पर अभियान चलाकर नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दर्जन वाहन चालकों को नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़ा है। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नशेड़ी वाहन चालकों से कोर्ट 10-10 हजार रुपए जुर्माना वसूल रही है।

### एप से सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालन करने के आरोप में एक सटोरिए को



गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एफसीआई गोदाम के पास से गुढ़ियारी निवासी दीपेश भंसाली को सट्टा संचालित करने के आरोप में पकड़ा है। दीपेश आईपीएल क्रिकेट में गजानंद तथा रुद्रा एक के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा था।

### सेल्समैन ने कार बिक्री के नाम पर ठगे 3 लाख

**रायपुर।** आमानाका थाने में बालोद के एक व्यक्ति ने टाटीबंध स्थित एचडीएन मोटर्स मारुति शोरूम के सेल्समैन के खिलाफ तीन लाख 4 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लीलाधर प्रसाद साहू ने अब्दुल सफदर सिद्दीकी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। लीलाधर ने पुलिस को बताया कि वह कार खरीदने शोरूम में गया था। कार खरीदने उसने अब्दुल को पांच लाख दिए। अब्दुल ने उक्त राशि में से एक लाख 86 हजार रुपए जमा कर रसीद के पीछे बाकी राशि लिखकर अपने हस्ताक्षर कर रसीद उसे दे दी। डिलीवरी डेट पर लीलाधर कार लेने पहुंचा तो उसे पता चला अब्दुल नौकरी छोड़कर चला गया है और उसने शोरूम में उसके 1 लाख 86 हजार जमा करने के बाद शेष रकम जमा नहीं की है।

रायपुर, बिलासपुर समेत मध्य हिस्से में भारी गर्मी, दो दिन रहेगा असर

# दोपहर की गर्म हवा ने झुलसाया, पारा 43 डिग्री, आज बन सकते हैं लू के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बादल-बारिश की स्थिति समाप्त होने के बाद गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को रायपुर-बिलासपुर में तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की वजह दोपहर की गर्म हवा ने लोगों को झुलसा दिया। अगले दो दिन मध्य हिस्से में भारी गर्मी रहने की संभावना है, इस दौरान कुछ इलाकों में लू के हालात भी बन सकते हैं।


अप्रैल में गर्मी का तेज प्रभाव तीसरे सप्ताह में नजर आने की संभावना है। मौसम में हुए फेरबदल की वजह से बादल-बारिश की वजह से गर्मी से राहत मिली थी। सिस्टम के कमजोर होने के बाद गर्मी ने दो दिन से अपना असर दिखाना शुरू किया है। रविवार को मौसम ने कुछ ज्यादा ही गर्मी दिखाई और पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। शहर में गर्मी का प्रभाव सुबह से ही महसूस हो रहा था, दोपहर होने के बाद धूप अपनी चरम स्थिति में आ गई और इससे त्वचा झुलसने का अहसास होने लगा। दोपहर में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कूलर-एसी से भी नहीं मिल पा रही राहत

#### पेंड्रा में पारा 5 डिग्री तक ज्यादा

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को पेंड्रा का तापमान 42.5 डिग्री के साथ सामान्य से 5 डिग्री तक ज्यादा हो गया। वहीं बिलासपुर का पारा 43 डिग्री के साथ सामान्य 2.6 तथा रायपुर का 42.9 के साथ सामान्य 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया। आज जगदलपुर में पारा सामान्य स्थिति में रहने की वजह से लोगों ने राहत महसूस की। बस्तर में अभी बंगाल की खाड़ी से नमी का आना जारी है, जिसकी वजह गर्मी का अधिक असर नहीं हुआ है।





#### अंधड़, बूंदाबांदी की संभावना

गर्मी तेज होने के साथ प्रदेश के कई इलाकों में दोपहर बाद अंधड़ चलने और बूंदाबांदी होने की संभावना भी बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि तेज गर्मी होने की वजह से वातावरण में मौजूद नमी ऊपर की ओर जाती है। इससे बादल बनने के साथ बूंदाबांदी की संभावना भी बनती है। इस तरह की स्थिति प्रदेश में भी बनेगी, मगर इसकी वजह से गर्मी से बड़ी राहत मिलने के आसार नहीं है। रविवार की शाम बस्तर में मौसम का रंग बदला, वहां काफी देर तक बारिश हुई और तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ।

## धूप में झूलस रहे नौनिहाल, पालकों का खत-बंद करें स्कूल

■ अप्रैल के शुरुआत में ही बदल दिया गया था समय लेकिन नहीं मिली मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में तापमान 42 डिग्री पार होने के साथ ही विद्यालयों को बंद करने की मांग भी उठने लगी है। इसके लिए पालकों ने स्कूलों को खत भी लिखा है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, निजी विद्यालय अपने स्तर पर स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। इस सप्ताह अधिकतर स्कूल बंद कर दिए जाएंगे। शासन स्तर पर भी इसे लेकर विचार चल रहा है।

गौरतलब है कि सीबीएसई के नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से होती है। इस बार सत्र प्रारंभ होने के साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी कर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ऑनलाइन होंगी कक्षाएं

निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, कई पालकों द्वारा विद्यालय बंद करने की मांग की है। समय पर कोर्स पूरा नहीं हो पाने के कारण छात्रों का रिजल्ट प्रभावित होता है। इस कारण अधिक अवकाश दिया जाना संभव नहीं है। कई स्कूलों ने ऑनलाइन कक्षाओं की तैयारी कर ली है। विद्यालय बंद होने की स्थिति में हम अप्रैल अंत तक ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन करेंगे, ताकि छात्रों का कोर्स समय पर पूर्ण किया जा सके और नतीजे प्रभावित ना हो। गौरतलब है कि विगत कई सत्रों से शहर में भीषण गर्मी के चलते अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में स्कूल बंद करने की स्थिति निर्मित होती रही है।

## झाड़ियों की आड़ में बनाई झोपड़ी बाहर ताला बंद, अंदर गैस रिफिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुजगहन पुलिस ने कांदुल के पास भारत गैस गोदाम से चंद कदम की दूरी पर नाले का पास घनी झाड़ियों के बीच झोपड़ी बनाकर उसमें अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 12 रसोई गैस के साथ एक नग कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गैर रिफिल करने में काम आने वाले पाइप तथा 55 नग नोजल कैप जब्त किए हैं। अवैध रूप से गैस रिफिल करने के आरोप में पुलिस ने कांदुल निवासी नीरज धनकर, देवपुरी निवासी दयालु साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, कुछ लोग नाले के पास एक झोपड़ीनुमा मकान में अवैध रूप से ▶▶|शेष पेज 13 पर



■ मुजगहन पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस की दबिश में अवैध कारोबार का खुलासा



#### इसलिए आउटर में रिफिलिंग

पुलिस के अनुसार, नीरज तथा उसके साथी ने गांव से दूर नाले के पास ऐसी जगह चुनी, जहां लोगों की आवाजाही कम होती है। इसलिए झाड़ियों के बीच नीरज तथा उसके साथी झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से गैर रिफिलिंग कर रहे थे, लेकिन उसका भंडाफोड़ हो गया।

#### घरेलू गैस को कमर्शियल में कर रहे थे रिफिल

पूछताछ में नीरज तथा उसके साथी ने पुलिस को बताया कि वे दोनों गैस एजेंसी से अलग-अलग लोगों के कार्ड से रसोई गैस लाते थे। इसके बाद उस रसोई गैस को कमर्शियल गैस सिलेंडर में रिफिल कर बेचने का काम कर रहे थे। आरोपियों के पास इलेक्ट्रानिक कांटा भी मिला है।

#### किराए के कार्ड से रिफिलिंग का कारोबार

पुलिस ने जिन आरोपियों को गैस रिफलिंग करने के आरोप में पकड़ा है। उनसे 12 गैस कार्ड भी जब्त किए गए हैं। अवैध रूप से गैस रिफिल करने वालों के पास से पुलिस ने जो कार्ड जब्त किए हैं, वे इंडेन तथा एचपी कंपनी के गैस कार्ड हैं।

सेक्टर में ऑटो चलाने का काम अगले माह से शुरू होगा

## मोर रायपुर एप से कर सकेंगे बुकिंग, राजधानी में सुगम और सुरक्षित परिवहन सुविधा देने की तैयारी में ट्रैफिक पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था स्मूथ करने सड़कों पर चलने वाले ऑटो के सुचारू रूप से संचालन करने चार सेक्टर में बांटकर चलाने का निर्णय लिया गया है। सेक्टर में ऑटो संचालित करने का काम मई में शुरू होने की संभावना है। इसके लिए यातायात सुरक्षा समिति की मंगलवार को बैठक होने वाली है। इसके बाद ऑटो यूनियन से चर्चा कर सेक्टर में ऑटो संचालन करने की प्रक्रिया शुरू होगी। लोग सुरक्षित अपने ▶▶|शेष पेज 13 पर



#### ऑनलाइन बुकिंग की दरें तय की जाएंगी

ज्यादातर लोगों को ऑटो चालकों द्वारा कहीं जाने-आने के लिए ज्यादा पैसे वसूलने की शिकायत रहती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन ऑटो बुक करने पर ऑटो चालकों से चर्चा कर किलोमीटर के हिसाब के भाड़ा तय किया जाएगा। ऑनलाइन ऑटो बुक करने वालों को अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने ओला, उबर की तरह एक नया प्लेटफार्म मिलेगा।

#### मोर रायपुर एप से मिलेगी ऑटो की जानकारी

आम जनता को, खासकर कामकाजी महिलाएं, जो ऑटो से अकेले आना-जाना करती हैं, उनके लिए ट्रैफिक पुलिस एक एप बनाने में जुटी हुई है। उबर, ओला की तर्ज पर लोग मोर रायपुर एप के माध्यम से ऑटो बुक कर सकेंगे। एप में जुड़ने के इच्छुक ऑटो चालकों को ट्रैफिक पुलिस के पास अपना नंबर एड कराना होगा। एप में सेक्टर के हिसाब से संचालित ऑटो के नंबर एड किए जाएंगे। अगर कोई ऑटो बुक करना चाहेगा, वह एप के माध्यम से अपने निकटतम एरिया में संचालित ऑटो चालक के नंबर पर कॉल कर ऑटो बुक कर सकेगा।



# चकल्लस

## मंत्री भी फेल हो गए

निगम-मंडल के अध्यक्षों ने मंत्रियों को भी फेल कर दिया। आप पूछेंगे वो कैसे...। मंत्रियों ने सामूहिक शपथ ली और उसके बाद जाकर विभाग के दफ्तर में गए, पूजा-पाठ किया और कुर्सी संभाल ली। लेकिन...निगम-मंडल के अध्यक्षों ने जो किया है भाई साहब। शंकर नगर रोड जाम हो गया। जेल रोड पर गाड़ियों का रैला नजर आया। उद्योग भवन का तो पूछिए ही मत। मतलब ऐसा शक्ति प्रदर्शन हुआ है कि क्या ही बताएं। पोस्टर-बैनर, सोशल मीडिया में रील्स। भैया आएं हैं-भैया आएंगे टाइप के गानों के साथ रील्स चलाई गई हैं। छत्तीसगढ़ के इतिहास में ऐसा जश्न पहली बार देखा गया है।

## हड़ताल...सोचना भी नहीं

सरकार ने कारखानों के कर्मियों के लिए नियम बनाया कि उन्हें हड़ताल पर जाने से डेढ़ महीने पहले प्रबंधन को सूचना देनी होगी। अब कर्मी हड़ताल पर जाने की सोच भी नहीं पा रहे हैं। दूसरी तरफ सरकारी कर्मी, जो अपने मुद्दों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं, उन्हें भी बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। कुछ महीने पहले पटवारियों ने हड़ताल की, लेकिन जब सरकार से दबाव पड़ा तो फिर काम पर आ गए। यही हाल पंचायत सचिवों की हड़ताल का हुआ। एक महीने बाद वे भी काम पर आने को तैयार हो गए। बीएड वाले शिक्षक नौकरी जाने के दुख में हड़ताल कर रहे थे, वे भी वापस घर लौट गए हैं। हड़तालियों के लिए ये सबक है कि वे अपना काम करते रहें, सरकार नो हड़ताल पर कायम है।

## ट्रांसफर पोस्टिंग में नया एंगल

प्रदेश के कई सरकारी अफसरों के तबादलों की सूची जारी हुई है। लोग अपने अपने हिसाब से तबादलों के पीछे बने गणित की समीक्षा कर रहे हैं। इसी बीच एक दिलचस्प मामला सामने आया है। सरकार ने धान की खरीद-फरोख्त से जुड़े एक विभाग में एक महिला अधिकारी को दूसरी बार मौका दिया है। पता चला है कि इस महिला अधिकारी ने पिछली सरकार में कमीशनखोरी से जुड़े बिलों की अदायगी पर रोक लगा दी थी। उन्हें सरकार ने हटवा दिया। अब फिर सरकार बड़े पैमाने पर धान बेचने की तैयारी में है। इसमें पहले ही सरकार को बड़ा घाटा होने वाला है, जानकार बताते हैं कि अनुभवी महिला अधिकारी को इसीलिए वापस लाया गया है कि वे ईमानदारी से काम करेंगी तो घाटा कुछ कम हो सकता हैं।

## छुट्टी दे दो मालिक

संस्कृत विद्यामंडलम में इन दिनों हरिभूमि का खौफ कुछ ज्यादा ही है। इतना ज्यादा खौफ तो साउथ की फिल्मों में गुंडों के बीच हीरो का भी नहीं होता होगा। यहां कॉपियां जांचने का काम पूरी सावधानी के साथ चल रहा है। इस बीच एक खब्ती टाइप के इंसान को लगा कि उसे छुट्टी पर जाना चाहिए। बड़े साहब ने मूल्यांकन कार्य को अनिवार्य बताते हुए इनकार कर दिया। फिर उसने धमकी दी कि यदि छुट्टी नहीं मिली तो हरिभूमि को बता दूंगा। अब देखिए...यह कोई हंसने वाली बात नहीं है। मामला बहुत ही गंभीर है। किसी को घूमने-फिरने के लिए छुट्टी चाहिए तो दे देना चाहिए ना? काम का क्या है, वो तो होता ही रहेगा।

## हॉस्टल की सेटिंग

कभी भैंस तो कभी लालटेन लेकर रविवि पहुंच जाने वाली एनएसयूआई इन दिनों खामोश है। पिछली बार जब भाजपा सरकार थी तो एनएसयूआई के शहरी बाबू मोर्चा खोलकर बैठे हुए थे, लेकिन अभी तो ऐसे शांत हो गए हैं जैसे सबकुछ उनके घर का ही मामला हो। खबरी बताते हैं कि शहरी बाबू को गर्ल्स हॉस्टल का ठेका मिल गया है। अब ठेका किस तरीके से मिला है यह तो पता नहीं, लेकिन भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड तोड़ रहे रविवि के दूसरे नंबर वाले साहब राहत की सांस ले रहे हैं। कुछ मौके पर शहरी बाबू प्रदर्शन तो करते हैं, लेकिन इतने शांत तरीके से कि जिसके खिलाफ प्रदर्शन होता है, उसे ही खबर नहीं होती। सही है, अपना-अपना देखो। जनहित-छात्रहित का क्या है, ये काम तो बाद में भी होते रहेंगे।

## उड़ता तीर

कहने मे अच्छा नहीं लगता...लेकिन बात ही कुछ ऐसी है। मतलब कांग्रेस बैठे-बिठाए उड़ता तीर ले लेती है। रायपुर नगर निगम में शहर कमेटी ने बाकायदा संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया। पत्र जारी कर दिया। लेकिन पीसीसी ने संदीप साहू को हटाकर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया। साहू समाज ने इसे अपमान के तौर पर ले लिया। उसके बाद जमकर हंगामा मचा हुआ है। छत्तीसगढ़ में साहू समाज राजनीतिक तौर पर सजग और जागरुक है। एक निर्णय ने कांग्रेस को परेशानी में डाल दिया है। एक नेता का कहना था कि जब जिला कमेटी ने कर दिया तो बदला क्यों। उड़ता तीर लेने की क्या जरूरत थी।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।

# अमित शाह लेंगे आज दिल्ली में बैठक, साय और शर्मा भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को दिल्ली में अपने विभागों की बैठक लेने वाले हैं। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी बैठक में शामिल होने रविवार रात यहां से रवाना होकर दिल्ली पहुंच गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बैठक में नक्सलवाद को लेकर भी रणनीति बनेगी। केंद्रीय गृहमंत्री पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि अगले साल मार्च तक देश से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह के नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के ऐलान के बाद प्रदेश में लगातार नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस अभियान से नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। उनकी तरफ से लगातार शांति वार्ता के लिए पत्र आ रहे हैं। हालांकि अब तक इस पर सरकार की तरफ से कोई फैसला नहीं किया गया है। अमित शाह साफ कह चुके हैं, नक्सली पहले हथियार छोड़कर समर्पण करें।

### बैठक में सहकारिता विभाग पर भी चर्चा

श्री शाह की बैठक में जहां राज्यों की कानून व्यवस्था पर बात होगी, वहीं नक्सलवाद पर भी चर्चा होगी। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के साथ उन राज्यों के भी मुख्यमंत्री रहेंगे, जिन राज्यों में नक्सलवाद है। इसी के साथ बैठक में श्री शाह के एक और विभाग सहकारिता पर भी चर्चा होगी। इनको लेकर भी राज्यों को मार्गदर्शन और निर्देश मिलेंगे कि क्या करना है।

### कई राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल



## थाने में रखे रजिस्टर में लिखनी होगी स्पष्ट जानकारी

# जब्ती पर दर्ज करना होगा नोटों का सीरियल नंबर, पशुओं की पहचान, गाड़ी का चेसिस नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अधिसूचना जारी की है। इसके तहत किसी आपराधिक मामले से संबंधित संपत्ति को न्यायालय या मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की तिथि से 14 दिन की अवधि के भीतर उसका ब्योरा तैयार करना होगा। अगर करेंसी नोट हों तो नोटों का नंबर, पशु हो तो उसकी पहचान और वाहन हो तो उसका मॉडल, चेसिस नंबर और वाहन की स्थिति का ब्योरा भी संपत्ति के विवरण में शामिल किया जाएगा। इसी प्रकार किसी भी थाने में अगर कोई व्यक्ति गिरफ्तार किया जाता है तो उसके बारे में कई बिंदुओं के आधार पर जानकारी एक रजिस्टर में दर्ज करनी होगी।

राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 497 की उपधारा (1) में बताए अनुसार संपत्ति का विवरण तैयार किया जाएगा। यह काम न्यायालय या मजिस्ट्रेट के समक्ष संपत्ति को प्रस्तुत करने की तारीख से 14 दिनों भीतर करना होगा। अगर कोई वाहन हो तो वाहन का प्रकार, मॉडल, वाहन का रंग, रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजिन और चेसिस नंबर, वाहन की स्थिति, वाहन की कोई पहचान या चिन्ह आदि का ब्योरा दर्ज किया जाएगा।

### राज्य सरकार के गृह विभाग ने जारी की अधिसूचना

### आभूषण का ये रिकार्ड बनेगा

इसी तरह आभूषण के मामले में आभूषण का नाम, जैसे चेन, मंगलसूत्र, चूड़ी आदि, धातु का नाम, जैसे सोना, चांदी आदि, आभूषण का टंच, वजन और पहचान लिखनी होगी। अगर कोई पशु हो तो पशु का नाम, रंग, पहचान, उम्र, लिखी जाएगी। करेंसी नोट के मामले में नोट का प्रकार, संख्या, सीरियल नंबर का उल्लेख होगा। अगर फसल का मामला हो तो फसल का प्रकार, वजन, धान, दलहन, तिलहन आदि का उल्लेख होगा। इसी प्रकार दस्तावेज और अन्य वस्तुओं के संबंध में ब्योरा दर्ज होगा।





### ये है संहिता का नियम

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 497 की उपधारा (1) संपति के विवरण के बारे में बात करती है, जो किसी भी न्यायालय या मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश की जाती है। जब कोई संपत्ति जांच, पूछताछ या मुकदमे के दौरान किसी न्यायालय या मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत की जाती है तो न्यायालय या मजिस्ट्रेट मामला खत्म होने तक संपत्ति की उचित अभिरक्षा के लिए आवश्यक आदेश दे सकता है। उपधारा (2) तय करती है कि न्यायालय या मजिस्ट्रेट संपत्ति के विवरण को अपने समक्ष प्रस्तुत किए जाने के 14 दिन के भीतर तैयार करेगा।

### गिरफ्तार व्यक्ति का बनेगा ये रिकार्ड

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के एक और प्रावधान मुताबिक, अब अगर किसी व्यक्ति को पुलिस गिरफ्तार कर थाने में रखती है तो उसके संबंध में थाने में एक रजिस्टर में ब्योरा लिखा जाएगा। इसमें जिले का नाम, पुलिस थाना, अपराध क्रमांक और धारा तथा अधिनियम, घटना का विवरण, आरोपी या गिरफ्तार व्यक्ति का नाम, उम्र, पिता नाम और पता, मोबाइल, वाट्स एप नंबर, ईमेल एड्रेस, गिरफ्तारी दिनांक और समय, सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पता मोबाइल नंबर और आरोपी से संबंध, सूचना काम माध्यम, लिखित या इलेक्ट्रॉनिक, आरोपी को न्यायालय में पेश करने का दिनांक। ये सभी जानकारी थाने में रखे रजिस्टर में दर्ज करनी होगी।

# जरिता ने कहा- प्रदेश की महिलाओं का भरोसा खो चुकी है साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, अत्याचार और दुष्कर्म के मामले बढ़े

छत्तीसगढ़ में महिलाओं और अबोध बच्चियों के खिलाफ दिनो-दिन बढ़ते आपराधिक कृत्यों, दुष्कर्म और अत्याचार की घटनाओं पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी जरिता लैतफलांग ने कहा, भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश की महिलाओं का भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है। मां महामाया और दंतेश्वरी की इस पवित्र भूमि पर भाजपा की सरकार आने के बाद नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान नवमी कन्यापूजन के दिन भी प्रदेश में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ अनाचार की घटना होती है। उसके बाद राजधानी रायपुर में 3 साल की बच्ची से यौनशोषण का मामला। ऐसे एक-दो नहीं, बल्कि कई मामले बीते एक वर्ष के दौरान सामने आए हैं।

इसी सरकार द्वारा विधानसभा में जो आंकड़े दिए गए, उसके अनुसार वर्ष 2024-25 के बीच छत्तीसगढ़ में 3191 बलात्कार के केस दर्ज किए गए हैं। अपहरण की 3644 घटनाएं विभिन्न स्थानों में दर्ज की गईं, जमीनी हकीकत इससे भी भयावह है। कानून व्यवस्था के मामले में साय सरकार पूरी तरह से असहाय साबित हुई है। राज्य में महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ होने वाले अनाचार की घटनाएं बेहद शर्मनाक हैं। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को भयमुक्त वातावरण देने में पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है। हत्या, लूट, अपहरण और डकैती में रोज नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में पीड़ति को ही प्रताड़ति करने का चलन है, जिसके चलते अपराधी बेखौफ और बेलगाम हो चुका है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं की समृद्धि के लिए शानदार काम किया। अपराध नियंत्रित थे और कोई भी अपराधी पुलिस गिरफ्त के बाहर नहीं था।

# बागी को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर विवाद साहू समाज पायलट से करेगा मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम में दो माह पहले हुए चुनाव में पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़कर पार्षद बनने वाले आकाश तिवारी को निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाने के फैसले के बाद कांग्रेस में गुटबाजी सतह पर आ गई है। नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू के पक्ष में साहू समाज लामबंद हो गया है। साहू समाज की एक बैठक रविवार को हुई, जिसमें यह तय किया गया है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मिलकर अपनी बात रखेंगे। उनसे मुलाकात नहीं होती है तो आंदोलन का विस्तार करने का निर्णय लिया है।

कर्मा धाम कृष्ण नगर में रायपुर शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव राम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक देवदत्त साहू के नेतृत्व में बैठक की गई, जिसमें सर्वसम्मति से रायपुर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू को बहाल करने की मांग रखी गई। साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के सलाहकार प्रदीप साहू ने कहा, कांग्रेस पार्टी सत्ता से दूर हो गई है और नगर निगम की संख्या भी कम है। ऐसे में कांग्रेस संदीप साहू को हटाकर विनाश काले विपरीत बुद्धि का परिचय दे रही है। अब इसके बाद भी नेता प्रतिपक्ष की बहाली नहीं की गई तो साहू समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साहू समाज के लोगों ने संदीप साहू के समर्थन में शनिवार को कांग्रेस भवन के सामने प्रदर्शन किया था। अब समाज ने तय किया है कि मुख्यमंत्री निवास के घेराव कार्यक्रम में शामिल होने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के रायपुर आने की सूचना मिली है। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश पदाधिकारी बंटी साहू, लीलाधर साहू, मनीष साहू, हर्ष साहू, मुकेश साहू, प्रवीण साहू एव साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

### भेंट नहीं होने पर आंदोलन के विस्तार का निर्णय



### कांग्रेस विधायकों के माध्यम से मिलने का प्रयास

कांग्रेस के 6 साहू समाज के विधायकों के माध्यम से उनसे मिलने के लिए समय लेकर मिलने का प्रयास करेंगे। अपनी बात उनके सामने रखेंगे। समाज ने यह भी तय किया है कि अगर उनसे मुलाकात नहीं होती तो आगे आंदोलन विस्तार की रणनीति बनाएंगे। बताया गया है कि पूर्व में कांग्रेस पर्यवेक्षक छाया वर्मा द्वारा सभी पार्षदों की सहमति के बाद निगम के नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की गई थी। जिला अध्यक्ष की ओर से सभापति को पत्र भी जारी किया गया था। इसके आधार पर नेता प्रतिपक्ष को निगम में कक्ष भी आवंटित किया गया था।

### पार्षद मेरे साथ : संदीप

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने पार्टी के इस फैसले पर कहा है कि कांग्रेस संगठन से एक पत्र जारी हुआ, लेकिन मुझे कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि सभी पार्षद मेरे साथ हैं। नेता प्रतिपक्ष का चुनाव पार्षदों की सहमति से होता है। ऐसे में जिसने बागी होकर चुनाव लड़ा, उसे नेता प्रतिपक्ष बनाना तानाशाही पूर्ण निर्णय है।

### पार्टी के हित में निर्णय

मामले को तूल पकड़ते देखकर कांग्रेस नेता इस पर कुछ बोलने से इंकार कर रहे हैं। बागी को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से नाराज पार्टी नेताओं में चर्चा का माहौल गरम है। नेताओं का कहना है कि आकाश तिवारी को बगावत का इनाम मिला है। हालांकि कांग्रेस इस फैसले को पार्टी के हित में बता रही है। अब देखना है कि कांग्रेस के 7 पार्षदों में से नए नेता को कितने लोगों का समर्थन मिलता है।

## नगर निगम सचिवालय को आकाश को नेता प्रतिपक्ष बनाने की अब तक नहीं मिली सूचना

■ मेयर ने कहा- यह पार्टी का अंदरूनी मामला

रायपुर। महापौर मीनल चौबे ने कहा, नगर निगम रायपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष बदलने के संबंध में निगम सचिवालय को अब तक कोई सूचना नहीं मिली है। ऐसे में जो पहले पत्र आया था, उसके आधार पर संदीप साहू ही नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का अंदरूनी मामला है। नेता प्रतिपक्ष बदले जाने के विवाद के बीच महापौर का यह बयान यह बताता है कि तीन दिनों से कांग्रेस में विवाद की स्थिति के बाद भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निगम प्रशासन को अपना नेता बदले जाने की सूचना नहीं दी है। इधर पूर्व में नियुक्त नेता प्रतिपक्ष पार्टी के समक्ष अपना पक्ष रखने का प्रयास कर रहे हैं। साहू समाज इसे अपने समाज का अपमान बताकर आंदोलन कर रहा है। बताया जाता है कि शहर जिला अध्यक्ष ने जो पूर्व में पत्र जारी किया था, उसे निगम प्रशासन ने अपनी स्वीकृति देकर नेता प्रतिपक्ष को निगम में मिलने वाले कार्यालय और अन्य सुविधाएं भी दे रखी हैं। उनके कक्ष में नेता प्रतिपक्ष की नेमप्लेट भी लगी हुई है।

# मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी कांग्रेस


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सोमवार को कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। पार्टी ने कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटने का आव्हान किया। पार्टी ने निगम के पास आमसभा कर घेराव के लिए निकलने का कार्यक्रम तय किया है। कांग्रेस के घेराव को देखते हुए मुख्यमंत्री निवास की ओर जाने वाली सड़कों पर बेरिकेड्स लगाए गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया, प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंता को लेकर प्रदेश की गूंगी, बहरी सरकार को जगाने मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जा रहा है। प्रदेशभर के कांग्रेसजन राजधानी में एकत्रित होकर बढ़ते अपराधों के प्रति चिंता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक घेराव के दौरान मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के मुख्यमंत्री घेराव कार्यक्रम के चलते आकाशवाणी और सिविल लाइंस की कई सड़कों पर आवागमन बाधित रहेगा।



*सुरक्षा व्यवस्था कड़ी : कांग्रेस के मुख्यमंत्री घेराव को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री निवास जाने वाली सड़कों पर बेरिकेड्स लगाए हैं। बताया जाता है कि प्रदर्शनकारियों को ओसीएम चौक के पास रोका जाएगा। यहां पर सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार सीएम हाउस को जीई रोड की तरफ से बेरिकेड्स लगाकर आने वाले मार्गों को चारों तरफ से बंद किया गया है। सोमवार को यहां पर हजारों पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।*

द्वितीय पुण्यतिथि
सादर अश्रुपूरित श्रद्धांजली
यदा सत्वे प्रबृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत् ।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते ॥14॥
जब कोई मनुष्य सतोगुण में अपना देह त्याग करता है।
तब वह उत्तमवेत्तांओं के निर्मललोकों में चला जाता है।।

ब्रम्हलीन पूज्यनीय पिता स्व.श्री मुकुन्द लाल जी हलवाई
द्वितीय पुण्यतिथि 21/04/2025
आपका स्नेहिल सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक - रचनात्मक प्रवृत्ति आपकी जिम्मेदारियाँ, निस्वार्थ भावों से जीवन मूल्यों का निर्धारण एवं जिंदादिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्ग दर्शन प्रदान करता रहेगा...
श्रद्धानवत
रविन्द्र-मेहा हलवाई, रमन - संगीता हलवाई
(पुत्र-पुत्रवधु) व आपका परिवार

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

स्व. चंद्रप्रकाश राठौर
स्वर्गवास- 21.04.2004
“आपका साया तो नहीं, पर आशीर्वाद हमेशा साथ है,”
आपकी मिसालें ही अब हमारे जीवन की बात है
इक्कीसवीं पुण्यतिथि पर शत-शत नमन
शरद राठौर - 98931 00008 | आशीष राठौर - 92000 00008
शोमेश राठौर, नीलेश राठौर व समस्त परिवार
फर्म
• विनार रेस्टॉरेंट एंड बार • होटल प्राईम • बालाजी एजेंसी
लिंक-1, के. के. रोड, रायपुर
• होटल राधिका • रेनबो वेंचर्स जयस्तंभ चौक, रायपुर
sumit

## खबर संक्षेप

### साधक परिवार ने मनाया विश्व सेवा दिवस

**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा विश्व सेवा दिवस के मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन राजधानी में किया जा रहा है, जिसमें गरीब परिवारों को अनाज वितरण, भंडारे का आयोजन और राहगीरों को गर्मी के मौसम में शीतल जल, छाछ वितरित किया जा रहा है। शोभराजमल ने बताया कि रविवार को विशाल मेगा मार्ट के सामने पंडरी तालाब के पास दोपहर 1 और शाम 4 बजे से रेलवे स्टेशन के पास सर्वधर्म मंदिर के सामने भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, शक्तिगम समिति के अध्यक्ष मोहनलाल तेजवानी सहित सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### साय बोले- जनसंपर्क सुशासन और जनविश्वास का सेतु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनसंपर्क अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसंचार क्षेत्र से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसंपर्क आज मात्र सूचना के प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास तथा संवाद की सशक्त कड़ी है। शासन की योजनाओं, नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## निधन

### मनहरण धीवर



**आरंग।** ग्राम लखोली बस स्टैंड निवासी मनहरण लाल धीवर का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। वे मोंगरा बाई व प्रमिला धीवर के पति, प्रमोद चेतन व राकेश धीवर के पिता थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

**समारोह : सतनामी समाज के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र व गमछा भेंट किया सम्मानित**

# आदमी कितना भी बड़ा बन जाए पर वह सदा समाज से छोटा होता है: खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सतनाम संदेश यात्रा समिति व सतनामी समाज द्वारा अभनपुर विधानसभा अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आरंग व गुरू खुशवंत साहेब, अध्यक्षता अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं समाज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियो को प्रशस्ति पत्र व गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि हम कितना भी बड़ा आदमी बन जाए समाज से बड़ा नहीं हो सकते जिस कुल व समाज में हमारा जन्म हुआ है उसके प्रति हमारी कही न कही जिम्मेदारी व कर्तव्य बनता है उस जिम्मेदारी को भी समझना जरूरी है, सतनाम संदेश यात्रा अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे एवं पूरी टीम लगातार समाज में कार्य है इस व्यवस्था के बाद भी समाज के सर्वांगीण विकास सुदृढ़ करने के लिए समाज मे एकता भाईचारा के लिए अपना समय देकर जो लोग सामाजिक कार्य को कर रहे है इसके फलस्वरूप गुरू घासीदास बाबा के आशीर्वाद से जनप्रतिनिधि चुने गए हैं।

उन्होने कहा कि हमें पहचानना है कि कौन सी पार्टी या व्यक्ति हमारे समाज के लिए कार्य कर रहा है, आज मुख्यमंत्री द्वारा करोड़ों रुपए की समाज के उन्नति व विकास के लिए स्वीकृति मिली है हम सबको बढ़चढ़ कर उनका साथ देना चाहिए। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि सतनाम संदेश यात्रा के माध्यम से समाज के लोग शिक्षा से कैसे जुड़े, समाज मे जागरूकता लाने, गुरू घासीदास बाबा के संदेश विभिन्न गांवों तक पहुंचे इसी उद्देश्य के साथ सतनाम संदेश यात्रा निकालकर जनजागरण अभियान चलाया गया इसके परिणाम स्वरूप अनारक्षित सीटो में भी सतनामी समाज के लोग चुन कर आये है, यह सबके लिए गौरव की बात है कि आप सभी बहुत कम समय मे सफलता की ओर आगे बढ़े है राजनीति के क्षेत्र मे भी आगे बढ़ रहे हैं।

**शिक्षा, संस्कृति व सभ्यता के अभाव में समाज का पतन निश्चित**




समाज के पदाधिकारियों से कहा कि सभी का दायित्व बनता है कि अपने अपने समाज में शिक्षा, संस्कृति, सभ्यता को बचा कर रखना है समाज अगर इन तीनों चीजों को बचा नहीं पाता उस समाज का पतन निश्चित है हम सभी को सात्विक विचारधारा मे चलकर बाबा जी द्वारा बताये गये संदेश का अनुसरण कर गांव, शहर का विकास करना है । इस अवसर पर जनपद अध्यक्षा चंद्रिका बंजारे,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,जिपं. सदस्य अन्नु तारक,सतनामी विकास समिति अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन, पूर्व जिपं. खेमराज कोसले, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, जनपद सदस्य धनेश्वरी डांडे, रानी सोनवानी, हिमांशु खरे, महेन्द्र खुटियारे, रानू दिलीप बंजारे, पार्षद नीलकमल गिलहरे, आसकरण गिलहरे, रूपनारायण साहू, बसंत कोसले, विजय सोनवानी, धरमचंद महिलांग, देव लहरे, राजकुमार बंजारे, राजेश जोशी, सुरेश भटट्, रामचंद महिलांग, राजेन्द्र अनेश्वरी, दयाराम जांगड़े आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।



---

# जलसंकट से निबटने अग्रवाल सभा कराएगी कुंओं का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहर में पेयजल समस्या से निबटने अग्रवाल सभा कुंओं का जीर्णोद्धार कराएगी। इसके लिए अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी बैठक में रविवार को सर्वसम्मति से इस आशय का निर्णय लिया गया। इसमें शहर के ऐसे कुंए, जो पुराने होने के साथ ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, उनके रखरखाव और जीर्णोद्धार कार्य के लिए अग्रवाल सभा सहयोग करेगी। अग्रवाल सभा के आगामी चुनाव के लिए अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने रमेश अग्रवाल को चुनाव अधिकारी और डॉ. राजेश खेमका तथा विनय बजाज को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। चुनाव अधिकारी की घोषणा के साथ 15 जून को आमसभा की बैठक अग्रसेन धाम में रखी गई है।

अग्रवाल सभा रायपुर की कार्यकारिणी की बैठक सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में रविवार को अग्रसेन भवन जवाहर नगर में आयोजित हुई। अग्रवाल सभा के महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया बैठक की शुरुआत अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संरक्षक सीताराम अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस मौके पर अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने अपने 3 साल के कार्यों का ब्योरा सदन में रखते हुए सभा द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान में पानी की समस्या को देखते हुए विजय अग्रवाल ने सभी की सहमति से सभा की ओर से कुओं के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

सदन में अग्रवाल सभा के आगामीी चुनाव के लिए कार्यकारिणी के सदस्यों के बीच बात रखते हुए कार्यकारिणी सदस्यों की सहमति के बाद चुनाव अधिकारी की घोषणा की, जिसमें रमेश अग्रवाल को चुनाव अधिकारी और डॉ. राजेश खेमका, विनय बजाज को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया, जो आने वाले दिनों में अग्रवाल सभा के चुनाव संपादित कराएंगे। चुनाव अधिकारी के नियुक्ति के साथ 15 जून को अग्रसेन धाम में आमसभा रखी गई है।

---

## भानसोज के शीतला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम भानसोज में नवनिर्मित माता शीतला मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों सहित आस-पास के अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखी गई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों की गूंज के साथ हुआ। प्रतिष्ठित पंडितों द्वारा वैदिक विधि-विधान के अनुसार मूर्ति की स्थापना की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। मन्दिर समिति ने इस अवसर पर सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे धार्मिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर श्रद्धालु अशोक साहू ने कहा कि गांव में नवनिर्मित शीतला मन्दिर अब न केवल धार्मिक आस्था का केन्द्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी रहेगा।

## सिर्फ 34 स्टाफ के भरोसे तिल्दा नेवरा थाना, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल




**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा पुलिस थाना में जितने स्वीकृत पद है उसमें स्टॉफ की भारी कमी है। थानेदार को मिलाकर मात्र 34 पुलिस स्टॉफ के भरोसे यह थाना चल रहा है जबकि तिल्दा नेवरा एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बन गया है। साथ ही थाना क्षेत्र में तिल्दा नेवरा नगर पालिका क्षेत्र एवं 57 ग्रामीण (गांव ) क्षेत्र आते है। कई गांव तो काफी दूर दर्ज में स्थित है।

कई संवेदनशील गांव भी है। रायपुर बिलासपुर नेशनल मार्ग में भी यह थाना क्षेत्र आता है। वर्षों से स्टॉफ बढ़ाने की मांग की जा रही है, साथ ही एक पुलिस चौकी खोलने की मांग की जा रही है। रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे मार्ग पर भूमिया गांव के तरफ एक पुलिस चौकी खोलने की मांग की जा रही है। लेकिन किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

और भरी पुलिस बल की कमी के साथ तिल्दा नेवरा थाना जूझ रहा है। पदस्थ 34 पुलिस स्टॉफ में कईयों की रोज रायपुर या कोर्ट या अन्य ड्यूटी लगाई जाती है।जिसके चलते बल की भरी कमी यहां पर है। आए दिन कई तरह की घटनाएं दुर्घटनाएं यहां हो रही है वारदातों में भी काफी इजाफा हो रहा है।

लेकिन पर्याप्त पुलिस बल नहीं होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुलिस थाना तिल्दा नेवरा में एस आई के एक पद, हेड कांस्टेबल के 6 पद, व कांस्टेबल( सिपाही) के 26 पद खाली (रिक्त) है। जितने स्वीकृत पद है उतने पदस्थ नहीं है , जिस पर नियुक्ति करना आवश्यक हो गया है। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# रींवा के 80 वर्षीय नशीने दम्पत्ति ने नेशनल गेम्स में स्वर्णपदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नई दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के आरंग जनपद क्षेत्र के एक गाव के 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की दो प्रतिभाओं ने न केवल हिस्सा लिया, बल्कि अपने प्रदर्शन से सभी को गर्व महसूस कराया।

ये दोनों वरिष्ठ खिलाड़ी एक पुरुष और एक महिला ने अद्वितीय जीवटता और उत्साह का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ आरंग का, बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में ग्राम रीवा (लखोली-आरंग) निवासी भुवन लाल नशीने ने उम्र 85 वर्ष ने 80 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के नेशनल गेम में भाग लेते हुए 3 किमी पैदल चाल के अलावा 16 मीटर तवा फेककर गोल्ड मेडल जीता। वही 6 मीटर गोल फेककर सिल्वर मैडल भी अपने नाम किया। भुवन लाल नशीने की तकनीक ऊर्जा और समर्पण ने यह सिद्ध किया कि उम्र केवल एक संख्या है। उनका उत्साह युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। वही भुवन लाल नशीने की पत्नी रूखमणी नशीने 80 वर्ष ने 800 व 400 मीटर दौड़ व 1 किमी पैदल चाल में अन्य प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनकी फिटनेस और आत्मबल की जितनी सराहना की जाए, कम है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा और हौसले की कमी नहीं**



*रूखमणी नशीने ने प्रेस से चर्चा करते हुए कहा कि 75 की उम्र से अभी तक 11 नेशनल गेम्स में भाग लेते हुए अभी तक 33 गोल्ड मैडल जितने की बात कही। खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है, जिससे वे स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और सक्रिय रहें रीवा (आरंग) जैसे कस्बों से इतनी उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा और हौसला किसी से कम नहीं है। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि अगर मन में जुनून और शरीर में ललक हो, तो कोई भी उम्र खेल के मैदान में बाधा नहीं बन सकती। रीवा (आरंग) की यह गौरवशाली जोड़ी आज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुकी है। नशीने दम्पत्ति की नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने पर उनके पुत्र सुरेंद्र नशीने संचालक स. शिशु मन्दिर रीवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियो एवम क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।*

## गोपी पाल का वर्ड मॉन्टेक्स बाल क्रिकेट टीम में चयन



**आरंग।** वर्ल्ड मॉन्टेक्स बाल क्रिकेट फेडरेशन द्वारा 20 से 24 अप्रैल तक नेपाल मे आयोजित 10वीं साउथ एशियन मॉन्टेक्स बाल क्रिकेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 5 खिलाड़ियों में सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के छात्र गोपी पाल कक्षा 9वी का चयन भारतीय मॉन्टेक्स बाल क्रिकेट टीम में हुआ। टीम के कोच ने बताया कि महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय मानटेक्स बाल क्रिकेट चैंपियनशिप मे छत्तीसगढ़ टीम का शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सहसचिव सतीश सोनकर, प्राचार्य यशोदा योगी, उपप्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, क्रीड़ा प्रभारी हंसराज जलछत्री एवं समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।

## पीपला ने किया सार्वजनिक प्याऊ केंद्र का शुभारंभ

**आरंग।** रविवार को सामाजिक संगठन पीपला फाउंडेशन ने आरंग से अकोली रोड रेलवे फाटक क्रमांक 25 में सार्वजनिक प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया। जिससे कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा जल मिल सके। ज्ञात हो कि आरवी क्रमांक 25 रेलवे फाटक के पास रेलवे का हेडपंप काफी दिनों से खराब पड़े है। जिससे कि रेलवे कर्मचारियों व लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। फाटक बंद होने पर चिलचिलाती धूप में लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता। जिसे देखते हुए फाउंडेशन ने सार्वजनिक प्याऊ का संचालन करने का बीड़ा उठाया है। वहीं फाउंडेशन की इस पहल की दीनदयाल और अटल कालोनीवासियों ने स्वागत करते हुए सराहना कर रहे हैं। वहीं प्याऊ के संचालन में समाजसेवी रमेश देवांगन का विशेष योगदान है।

# भीषण गर्मी में समर क्लास का संघ ने किया विरोध, बताया अव्यावहारिक निर्णय

**आरंग।** गर्मी के कहर के चलते विशेषकर ग्रामीण शालाओं में परीक्षा के बाद बच्चों की उपस्थिति में कमी आयी है। वहीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उपस्थिति और भी नगण्य हो जाएगी। ऐसी स्थिति में समर क्लास का कोई औचित्य नहीं है। बच्चे देश के भविष्य हैं, उनकी रक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है। इन दिनों प्रदेश में तापमान 40 डिग्री से भी अधिक है, सुबह से ही गर्म हवाएं चलती है। वहीं दोपहर में लू के हालात बन जाते हैं, आने वाले कुछ दिनों में यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। सुबह से ही धूप इतनी तेज हो जाती है कि घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण अंचल में जल स्तर गिरने से जहां एक ओर पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। वहीं ज्यादातर स्कूलों में कूलर पंखे की भी व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती भी एक गंभीर समस्या है, छुट्टी के बाद घर पहुंचते तक बच्चों का बुरा हाल हो जाता है। भीषण गर्मी का बच्चों की सेहत पर दुष्प्रभाव हो रहा है और बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। एक विज्ञप्ति में शिक्षक कल्याण संघ प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, आरएस कुंजे, गोवर्धन धीवर, हेमंत चंद्राकर, तुमेंद्र कोटरे, जगजीवन जांगड़े, रोमेश चंद्राकर, नेमेश्वर साहू, टीकाराम साहू, हीरामणि साहू, डीपी बघेल आदि ने कहा कि शैक्षिक जिम्मेदारी के साथ ही शिक्षकों को परिवार व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना पड़ता है। उन्होंने राज्य शासन से ग्रीष्मावकाश में समर क्लास का आदेश निरस्त करने का आग्रह किया है।

## संविधान बचाओ अभियान 22 अप्रैल से 30 मई तक

**रायपुर।** एआईसीसी के द्वारा जारी 40 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान बचाओ अभियान के तहत 22 से 30 मई तक 40 दिवसीय कार्यक्रम तैयार किया गया है। अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किए जा रहे लगातार हमले, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के हनन का मुकाबला करना है। कार्यक्रम के तहत 22 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक, 25 से 30 अप्रैल तक राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, 3 से 10 मई तक जिला स्तरीय रैलियां, 11 से 17 मई तक विधानसभा स्तरीय रैली और 20 से 30 मई तक घर-घर अभियान चलाया जाएगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

दिनांक 11.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नारायण साहू पिता/पति खुमान साहू निवासी चिखली की ग्राम चिखली प.ह.नं. 26 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 383/1 शामिल खसरा 384/1 रकबा 0.1210 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा./ तह./ 2025 आदेश दिनांक 18.03.2025 के परिपालन में दिनांक 24.04.2025 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 26 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

# चक्रसुदर्शन महाराज का सकरी आगमन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



भारत की जीवन पद्धति कृषि और ऋषि परम्परा पर आधारित है। सदियों से ऋषि मुनियों ने जप-तप से भारत की भूमि को तपोभूमि में लीन किया है। ऐसे ही छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र चंदूलाल साहू है जो 50 वर्ष पूर्व गृह त्याग कर चले गए थे। उनका जन्म रायपुर जिले के संकरी ग्राम में चंदन मलागर परिवार के स्वर्गीय कन्हैयालाल साहू एवं स्वर्गीय बुधिया बाई साहू के घर में हुआ था। 7 बच्चो में 5 भाई दो बहन में तीसरे नम्बर के चंदूलाल साहू थे। बचपन मे ही उन्होंने ईश्वर की भक्ति में लीन होकर गृह त्याग का फैसला किया। इस दौरान सन्यासी जीवन के पहले वे गुजरात के आश्रम में रह रहे थे, फिर नर्मदा नदी का भ्रमण करने चले गए। इस बीच उनका परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सम्पर्क नहीं रहा। वे गुजरात के उमरेठ में गोपाल कृष्ण मंदिर में पुजारी है और श्री श्री 108 चक्रसुदन महाराज के नाम से प्रख्यात हुए। महाराज जी की कड़ी साधना, मौन व्रत, कठोर परिश्रम ने उन्हें सम्मान दिलाया। वर्षो बाद जब गांव में प्रथम आगमन हुआ तो परिवार और गांव के सभी लोगो की आंखे नम थी और उनके वर्षो बाद आगमन को यादगार बनाने श्री श्री 108 चक्रसुदन महाराज के हाथों से माता पिता की याद में वृक्षारोपण एवम गांव के सभी लोगो के लिए भव्य भण्डारा रखा गया एवम प्रवचन पाठ किया गया। यह पूरा कार्यक्रम चक्रसुदन महाराज एवम उनके सहयोगी भक्त महाराज नायक संदीप प्रह्लाद द्वारा किया गया। साथ ही संकरी में उनके परिवार, पंचायत के सरपंच एवम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सफल आयोजन हुआ। चक्रसूदर्सन महराज ग्राम सकरी के स्वर्गीय कन्हैयालाल साहू के पुत्र, अमरलाल साहू, अमरूराम साहू, बंधुराम साहू, बल्लाराम साहू, परदेशी राम साहू के भाई, मानसिंग साहू, स्वर्गीय मिलन साहू, भुलऊ राम साहू, स्वर्गीय रारू साहू के भतीजा है।

## पेज 11 के शेष...

### योग्यता की कमी...

इन पदों के लिए अभ्यर्थी नहीं मिल सके हैं। कार्यपरिषद की बैठक में इसके लिए पुनः पद विज्ञापित करने का निर्णय लिया गया है। रविवि प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 60 पदों पर भर्ती होगी। यूटीडी में शैक्षणिक पदों के लिए सितंबर 2023 में भी वैकेंसी निकली थी। तब प्रोफेसर, एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसर के 49 पद थे। इसी वैकेंसी में नया पद जोड़कर संशोधित विज्ञापन बीते वर्ष जारी किया गया था। 2023 में 24 विषयों के लिए भर्ती निकली थी। इस बार 26 विषयों के लिए आवेदन मांगे थे। इस तरह से यह तीसरी बार होगा जब रविवि द्वारा प्राध्यापक भर्ती पूर्ण करने विज्ञापन निकाला जाएगा।

### नैक टीम ने जताई...

की ग्रेडिंग से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में पांच वर्ष के पूर्व संस्थान को दोबारा आवेदन करने की पात्रता होती है। रविवि द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिए फिर से अर्जी लगाई गई है। ऐसे में रविवि कोशिश कर रहा है कि नैक टीम के विजिट के पहले प्राध्यापक भर्ती हो जाए ताकि उन्हें दोबारा इसके लिए माइनस मार्किंग का सामना ना करना पड़े।

### दोपहर की गर्म हवा...

सड़कों पर आवाजाही के दौरान लोग स्कार्फ-चश्मा पहने नजर आए। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दो दिन गर्मी अपना प्रबल रूप दिखाएगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। साथ ही जिन शहरों का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक होगा, वहां लू चलने की आशंका है।

### धूप में झूलस रहे...

समय परिवर्तन कर दिया गया था। जिन विद्यालयों में मात्र एक शिफ्ट में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल संचालन करने निर्देश दिए गए थे। दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों में प्रथम पाली की कक्षा सुबह 7 से 11 बजे तथा द्वितीय पाली की कक्षा 11 से 3 बजे तक संचालित हो रही हैं। इसके बाद भी बच्चों को राहत नहीं मिल पा रही है। 11 बजे छुट्टी होने की स्थिति में छात्रों को घर तक का सफर तय करने लगभग 12 बज जाते हैं। इस दौरान गर्मी अत्यधिक बढ़ जाती है। इसे देखते हुए ही पालक स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

### झाड़ियों की आड़ में...

गैस रिफिलिंग कर रहे थे। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम नाले के पास झोपड़ीनुमा मकान तक पहुंची, जहां बाहर से ताला बंद था, अंदर से कुछ लोगों के उपस्थिति की अहसास होने पर ताला तोड़कर झोपड़ी के अंदर पुलिस दखिल हुई। जहां झोपड़ी के भीतर नीरज और उसका साथी गैस रिफिलिंग करते पकड़े गए।

### मोर रायपुर एप से...

गंतब्य तक पहुंच पाएं, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस परिवहन व्यवस्था की तैयारी में जुटी है। वर्तमान में राजधानी की सड़कों पर 20 हजार के करीब ऑटो तथा ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। इनमें से ज्यादातर ऑटो, ई-रिक्शा व्यस्त मार्गों पर, जहां ज्यादा सवारी मिलती है, उन्हीं मार्गों में चल रहे हैं। इस वजह से कई ऑटो चालकों को पर्याप्त सवारी नहीं मिल पाती। इसके अलावा जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार सेक्टर में बांटकर ऑटो चलाने का निर्णय लिया है। सेक्टर में ऑटो संचालन करने ऑटो यूनियन भी तैयार हो गए हैं। इसमें ऑटो यूनियन कुछ बदलाव चाहते हैं।



**खबर संक्षेप**



## साधक परिवार ने मनाया विश्व सेवा दिवस

**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा विश्व सेवा दिवस के मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन राजधानी में किया जा रहा है, जिसमें गरीब परिवारों को अनाज वितरण, भंडारे का आयोजन और राहगीरों को गर्मी के मौसम में शीतल जल, छाछ वितरित किया जा रहा है। शोभराजमल ने बताया कि रविवार को विशाल मेगा मार्ट के सामने पंडरी तालाब के पास दोपहर 1 और शाम 4 बजे से रेलवे स्टेशन के पास सर्वधर्म मंदिर के सामने भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, शक्तिगम समिति के अध्यक्ष मोहनलाल तेजवानी सहित सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही साधक परिवार के सुमीत अरोरा, पवन प्रेमचंदानी, हरेश गोविंदानी, गोपाल तेजवानी, मनोज महानंद, कृतेश पोपटानी सहित साधिका बहनें और बाल संस्कार केंद्र के सेवाधारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## साय बोले- जनसंपर्क सुशासन और जनविश्वास का सेतु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनसंपर्क अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसंचार क्षेत्र से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसंपर्क आज मात्र सूचना के प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास तथा संवाद की सशक्त कड़ी है। शासन की योजनाओं, नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ जनसंपर्क की भूमिका और भी व्यापक हो गई है। आज लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने में जनसंपर्क की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के विस्तार के इस युग में विश्वसनीय, सटीक और संवेदनशील संप्रेषण पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। ऐसे में जनसंपर्क की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

## संविधान बचाओ अभियान 22 अप्रैल से 30 मई तक

**रायपुर।** एआईसीसी के द्वारा जारी 40 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान बचाओ अभियान के तहत 22 से 30 मई तक 40 दिवसीय कार्यक्रम तैयार किया गया है। अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किए जा रहे लगातार हमले, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के हनन का मुकाबला करना है। कार्यक्रम के तहत 22 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक, 25 से 30 अप्रैल तक राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, 3 से 10 मई तक जिला स्तरीय रैलियां, 11 से 17 मई तक विधानसभा स्तरीय रैली और 20 से 30 मई तक घर-घर अभियान चलाया जाएगा। जारी पत्र में सभी अध्यक्ष एवं शहर जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी से कहा गया है कि अभियान के संबंध में रणनीति तैयार करें। अभियान की निगरानी के लिए भी एक समिति का गठन किया जाए।

# बोर्ड कक्षाओं की कॉपियां जंची, एक साथ जारी होंगे 10वीं-12वीं के नतीजे, इसके पूर्व 5वीं-8वीं के रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में 36 केंद्रों में जारी दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन लगभग पूर्ण हो चुका है। इनके परीक्षा परिणाम 15 मई के पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कर दिए जाएंगे।

- 15 मई के पूर्व 10वीं-12वीं के नतीजे, मेरिट लिस्ट भी साथ ही

अंदरुनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, माशिम इस बार भी पुरानी परंपरा को कायम रखने की तैयारी में है। अर्थात इस बार भी दोनों कक्षाओं के परिणाम एक साथ ही घोषित होंगे। पूर्व में माशिम द्वारा दोनों कक्षाओं के नतीजे पृथक-पृथक रूप से जारी किए जाते थे, लेकिन विगत कई वर्षों से दोनों कक्षाओं के परिणाम एक ही दिन घोषित किए जा रहे हैं। परिणाम जारी होने की निश्चित तिथि की घोषणा भी माशिम द्वारा शीघ्र ही कर दी जाएगी।

दूसरी ओर पांचवीं-आठवीं कक्षाओं की मूल्यांकन संबंधित प्रक्रिया भी लगभग पूर्ण हो चुकी है। इनके परिणाम 30 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। 14 वर्ष पश्चात जिला स्तर पर हुई केंद्रीकृत परीक्षा के परिणाम विद्यालय स्तर पर जारी होंगे। इन कक्षाओं में मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगा। फेल छात्रों को दोबारा मौका भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार, छात्रों को अंकसूची भी 30 अप्रैल को ही प्रदान कर दी जाएगी।

## 30 अप्रैल को 5वीं-8वीं के परिणाम, मेरिट लिस्ट नहीं

### हेलीकॉप्टर राइडिंग पर संशय

पं.दीनदयाल उपाध्याय मेधावी सम्मान योजना के अंतर्गत छात्रों को नगद राशि दी जाती रही है। यह सम्मान योजना इस वर्ष भी जारी रहेगी। वहीं हेलीकॉप्टर राइडिंग पर संशय बना हुआ है। कांग्रेस शासनकाल में यह योजना प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर भ्रमण का अवसर प्रदान किया जाता था। सत्ता परिवर्तन के बाद पिछली सरकार की योजनाओं को यथावत रखने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, चूंकि यह विरोधी पार्टी की योजना थी, इसलिए वर्तमान में छात्रों के लिए इस योजना को जारी नहीं रखा जाएगा।



### मई अंत तक भेजी जाएंगी अंकसूची

मई के प्रथम पखवाड़े में परिणामों की आधिकारिक घोषणा के बाद माशिम छात्रों के प्राप्तांक अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर देगा। स्कूलों को अंकसूची मई अंत तक भेज दी जाएंगी, जहां से छात्र इसे ले सकेंगे। गौरतलब है कि माशिम द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षा में इस बार 3 लाख 30 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 40 हजार छात्र शामिल हुए थे। इन छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 26 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

## नए अध्यक्ष सतीश ने कहा- अब सब पैनल खत्म, हम सब साथ-साथ

# थौरानी चैंबर के नए अध्यक्ष, शपथ ग्रहण में सीएम ने कहा- सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुनना बड़ी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए पदाधिकारियों ने रविवार को शपथ ली। सतीश थौरानी चैंबर के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। राजधानी के शहीद स्मारक भवन में गरिमामयी समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस बतौर अतिथि शामिल हुए। चैंबर में इस बार तीन प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव नहीं हुआ। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों के बीच सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चुना जाना बड़ी बात है, आगे भी इस परंपरा को कायम रखिए। श्री साय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका है। प्रदेश के व्यापार-व्यवसाय और उद्योग तेजी से विकास कर रहे हैं। इस कारण जीएसटी कलेक्शन में छत्तीसगढ़ अग्रणी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए हम सबको मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है।

- शहीद स्मारक भवन में चैंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई शपथ

चैंबर के नए अध्यक्ष सतीश थौरानी ने इस मौके पर कहा कि अब सब पैनल खत्म, सिर्फ चैंबर पैनल रहेगा। हम सब साथ-साथ हैं। चैंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने शपथ दिलाई।

चैंबर के 33 जिला उपाध्यक्ष और 33 जिला मंत्रियों समेत कुल 69 पदों के परिणाम घोषित हुए। इनमें 69 पदों में से 58 पद पर निर्विरोध निर्वाचन, 2 पदों पर मतदान से निर्वाचन हुआ। जबकि 9 पद रिक्त रह गए। इसके तहत चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया निर्वाचित हुए। इसी तरह चैंबर उपाध्यक्ष जिला रायपुर लोकेश जैन, नीलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज, टी. श्रीनिवास रेड्डी, राजकुमार तारवानी, मनोज कुमार जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल, चैंबर महामंत्री जिला रायपुर रविंद्र सिंह चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कांति पटेल, आकाश धावना। शहीद स्मारक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, गोदड़ीधाम की अम्मा मीरादेवी, शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल, चैंबर के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, चकरभाठा से संत साईं लालदास, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, पूर्व चैंबर अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी, ललित जयसिंह, अमर गिदवानी, राजेश वासवानी, योगेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विनय बजाज, त्रिलोक बरड़िया, हरकिशन साहनी, खूबचंद पारख, शांतिलाल बरड़िया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।





### हमारी सरकार ने छोटे व्यापारियों को हमेशा प्राथमिकता दी

श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार ने छोटे व्यापारियों को हमेशा प्राथमिकता दी है। ई-वे बिल की सीमा 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है। हमने पेट्रोल पर वेट 1 रुपए प्रति लीटर कम किया है। व्यापारियों को राहत देते हुए दस साल पुराने लंबित मामलों 25 हजार रुपए तक की वेट देनदारी को माफ किया है। इसका लाभ प्रदेश के 40 हजार व्यापारियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में सकारात्मक वातावरण बना है। इसके लागू होने से अब तक प्रदेश में 4.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए धन का प्रवाह आवश्यक है। किसान हमारी अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। देश में सर्वाधिक आटोमोबाइल का विक्रय छत्तीसगढ़ में हो रहा है, जो यह दर्शाता है कि हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है।

# ट्रैफिक जवानों को मिलीं थर्मो स्टील बॉटल, ड्यूटी टाइम में ठंडे पानी से गला तर कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे सूर्य की तपिश बढ़ती जा रही है, लोगों का गला सूखने लगा है। खासकर जो फील्ड में काम करते हैं, उन्हें गर्मी में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस भरी दोपहरी में चौक-चौराहों पर ड्यूटी करने वाले अपने साढ़े चार सौ जवानों को गर्मी से बचाव करने छाता देने के साथ थर्मो स्टील तथा इलेक्ट्रॉल पावडर वितरित किया है।



थर्मो स्टील देने की वजह उसमें भरा गया पानी लंबे समय तक कूल रहने के साथ हाईजेनिक रहता है। पूर्व में जवानों को प्लास्टिक के बॉटल दिए जाते थे, जिसमें पानी कुछ समय के बाद गरम हो जाता था। जवान प्लास्टिक बोतल में भरे गए पानी को दो घंटे बाद पी नहीं पाते थे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस के जवानों को थर्मो स्टील की बोतलें दी गई हैं।

### थर्मो स्टील में गरम नहीं होता पानी

ट्रैफिक सिपाहियों के अनुसार थर्मो स्टील की बोतल होने की वजह से पानी पूरे समय एक निश्चित तापमान पर ही रहता है। पानी गरम नहीं होता। कई जवान घर से लाया पानी खत्म होने के बाद मिनरल वाटर खरीदकर थर्मो स्टील के बोतल में भरकर रखते हैं। गर्मी में हर एक-दो घंटे में ग्लूकोज या इलेक्ट्रॉल पानी पीने से ट्रैफिक पुलिस को डिहाईड्रेशन का खतरा भी नहीं रहता।

### जवानों के ड्यूटी समय में परिवर्तन

तेज गर्मी को देखते हुए जवानों के ड्यूटी समय में भी बदलाव किया गया है। 55 साल से ज्यादा उम्र के ट्रैफिक सिपाहियों की तेज धूप में चौक-चौराहों में ड्यूटी लगाने के बजाय ऑफिस अथवा ट्रैफिक थाने में ड्यूटी लगाई जा रही है। साथ ही ऐसे चौक-चौराहे, जहां दोपहर को ट्रैफिक का दबाव कम रहता है, वहां दोपहर दो से चार के बीच जवानों को ड्यूटी करने में छूट दी जा रही है।

# कुम्हारी टोल नाके पर कांग्रेस का प्रदर्शन, टोल वसूली का जोरदार विरोध, कर्मचारियों को भेंट किए बेशरम के फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुम्हारी टोल नाका पर आम जनता से टोल वसूली को लेकर रविवार को कांग्रेसजनों ने जमकर विरोध किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने हाथों में बेशरम के फूल ले जाकर टोल प्लाजा के अधिकारियों और कर्मचारियों को भेंट किए। साथ ही टोल प्लाजा पर गब्बर सिंह वसूली केंद्र बनाकर घंटों प्रदर्शन किया। इस दौरान टाटीबंध से भिलाई के बीच वाहनों का जाम लगा रहा। गर्मी से लोग परेशान रहे।

- पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कुम्हारी नाका को टोल फ्री करने आंदोलन

दरअसल कुम्हारी टोल प्लाजा पर रोड की लागत से भी ज्यादा टोल टैक्स वसूल लेने के बाद भी लोगों से टोल टैक्स लिया जा रहा है। इसे लेकर जहां जनता परेशान है, वहीं टोल के कर्मचारियों के रवैये को लेकर भी शिकायत आ रही है। पूर्व विधायक श्री उपाध्याय के साथ कांग्रेसजनों ने रविवार को टोल प्लाजा पर जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को भाजपा को भेंट के लिए बेशरम के फूल दिए, वहीं आम जनता को गुलाब फूल भेंटकर अनोखा प्रदर्शन किया।

श्री उपाध्याय ने कहा कि अवधि समाप्त होने के बाद भी टोल नाके पर वसूली का सिलसिला जारी है। लगातार शिकायतें होने के बाद भी इसे बंद नहीं किया जा रहा है, जबकि पूर्व में कहा गया था कि रायपुर के 04 और दुर्ग भिलाई 07 वाले वाहनों को इसमें छूट रहेगी, लेकिन फास्टैग होने के कारण उनका भी पैसा ऑटोमेटिक कट रहा है।

पूर्व विधायक श्री उपाध्याय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को हटाने चर्चा के लिए समय की मांग की थी, जिसका अब तक जवाब नहीं आया है।

कुम्हारी टोल प्लाजा पर विरोध प्रदर्शन को लेकर श्री उपाध्याय ने कहा कि जब तक कुम्हारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता, तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ती रहेगी। कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की गई थी, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। आने वाले दिनों में दिल्ली में भी प्रदर्शन करेंगे।




### गडकरी की घोषणा पर उठाए सवाल

विकास उपाध्याय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के उस वक्तव्य का जिक्र करते हुए कहा, 3 साल पहले सदन में उन्होंने कहा था कि बहुत जल्द पूरे देशभर में टोल नाके बंद किए जाएंगे और सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में ही दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला जो कथन है, उसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र द्वारा सड़कें तो बनाई जा रहीं हैं, लेकिन आम जनता की जेब पर सीधे डाका डालने का काम सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ में ही 20 से अधिक टोल प्लाजा संचालित हैं, जनता जब वाहन क्रय करते समय रोड टैक्स दे रही है तो फिर उनसे टोल लेना न्यायसंगत नहीं है।

# जलसंकट से निपटने अग्रवाल सभा कराएगी कुंओं का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में पेयजल समस्या से निबटने अग्रवाल सभा कुंओं का जीर्णोद्धार कराएगी। इसके लिए अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी बैठक में रविवार को सर्वसम्मति से इस आशय का निर्णय लिया गया। इसमें शहर के ऐसे कुंए, जो पुराने होने के साथ ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, उनके रखरखाव और जीर्णोद्धार कार्य के लिए अग्रवाल सभा सहयोग करेगी। अग्रवाल सभा के आगामी चुनाव के लिए अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने रमेश अग्रवाल को चुनाव अधिकारी और डॉ. राजेश खेमका तथा विनय बजाज को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। चुनाव अधिकारी की घोषणा के साथ 15 जून को आमसभा की बैठक अग्रसेन धाम में रखी गई है।

- 15 जून को होगी आमसभा, निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी की घोषणा

अग्रवाल सभा रायपुर की कार्यकारिणी की बैठक सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में रविवार को अग्रसेन भवन जवाहर नगर में आयोजित हुई। अग्रवाल सभा के महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया बैठक की शुरुआत अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संरक्षक सीताराम अग्रवाल द्वारा महाराजा अग्रसेन महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।



### ये रहे उपस्थित

बैठक को अग्रवाल सभा के संरक्षक सीताराम अग्रवाल, सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री मनमोहन अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री योगी अग्रवाल ने किया। अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, किशन अग्रवाल, सतपाल जैन, सुरेश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन, सुभाष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विशंभर अग्रवाल, संजय चौधरी, सुशील सराफ, राजेंद्र सिंघानिया, महिला मंडल अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता सुभाष अग्रवाल, युवा मंडल महामंत्री सौरभ अग्रवाल के साथ ही सभा के कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंडल, युवा मंडल, युवती मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने अपने 3 साल के कार्यों का ब्योरा सदन में रखते हुए सभा द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान में पानी की समस्या को देखते हुए विजय अग्रवाल ने सभी की सहमति से सभा की ओर से कुओं के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### योग्यता की कमी...

इन पदों के लिए अभ्यर्थी नहीं मिल सके हैं। कार्यपरिषद की बैठक में इसके लिए पुनः पद विज्ञापित करने का निर्णय लिया गया है। रविवि प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 60 पदों पर भर्ती होगी। यूटीडी में शैक्षणिक पदों के लिए सितंबर 2023 में भी वैकेंसी निकली थी। तब प्रोफेसर, एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसर के 49 पद थे। इसी वैकेंसी में नया पद जोड़कर संशोधित विज्ञापन बीते वर्ष जारी किया गया था। 2023 में 24 विषयों के लिए भर्ती निकली थी। इस बार 26 विषयों के लिए आवेदन मांगे थे। इस तरह से यह तीसरी बार होगा जब रविवि द्वारा प्राध्यापक भर्ती पूर्ण करने विज्ञापन निकाला जाएगा।

### नैक टीम ने जताई...

की ग्रेडिंग से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में पांच वर्ष के पूर्व संस्थान को दोबारा आवेदन करने की पात्रता होती है। रविवि द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिए फिर से अर्जी लगाई गई है। ऐसे में रविवि कोशिश कर रहा है कि नैक टीम के विजिट के पहले प्राध्यापक भर्ती हो जाए ताकि उन्हें दोबारा इसके लिए

## पेज 11 के शेष ...

माइनस मार्किंग का सामना ना करना पड़े।

### दोपहर की गर्म हवा...

सड़कों पर आवाजाही के दौरान लोग स्कार्फ-चश्मा पहने नजर आए। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दो दिन गर्मी अपना प्रबल रूप दिखाएगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

### धूप में झूलस रहे...

समय परिवर्तन कर दिया गया था। जिन विद्यालयों में मात्र एक शिफ्ट में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल संचालन करने निर्देश दिए गए थे। दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों में प्रथम पाली की कक्षा सुबह 7 से 11 बजे तथा द्वितीय पाली की कक्षा 11 से 3 बजे तक संचालित हो रही हैं। इसके बाद भी बच्चों को राहत नहीं मिल पा रही है। 11 बजे छुट्टी होने की स्थिति में छात्रों को घर तक का सफर तय करने लगभग 12 बज जाते हैं। इस दौरान गर्मी अत्यधिक बढ़ जाती है। इसे देखते हुए ही पालक स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे हैं।

### झाड़ियों की आड़ में...

गैस रिफिलिंग कर रहे थे। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम नाले के पास झोपड़ीनुमा मकान तक पहुंची, जहां बाहर से ताला बंद था, अंदर से कुछ लोगों के उपस्थिति की अहसास होने पर ताला तोड़कर झोपड़ी के अंदर पुलिस दखिल हुई। जहां झोपड़ी के भीतर नीरज और उसका साथी गैस रिफिलिंग करते पकड़े गए।

### मोर रायपुर एप से...

गंतब्य तक पहुंच पाएं, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस परिवहन व्यवस्था की तैयारी में जुटी है। वर्तमान में राजधानी की सड़कों पर 20 हजार के करीब ऑटो तथा ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। इनमें से ज्यादातर ऑटो, ई-रिक्शा व्यस्त मार्गों पर, जहां ज्यादा सवारी मिलती है, उन्हीं मार्गों में चल रहे हैं। इस वजह से कई ऑटो चालकों को पर्याप्त सवारी नहीं मिल पाती। इसके अलावा जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार सेक्टर में बांटकर ऑटो चलाने का निर्णय लिया है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा इलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भारतीय शिक्षा बोर्ड की संगोष्ठी में 250 विद्यालयों के प्राचार्यों ने लिया भाग



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में रविवार को भारतीय शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर की संगोष्ठी हुई, जिसमें 250 विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्यों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड को शिक्षा के क्षेत्र में एक सतत व्यापक एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है। उन्होंने इसे स्वामी रामदेव महाराज का शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक एवं समग्र क्रांति के लिए बहुत अच्छा कदम बताया। इसी दौरान मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा देकर सनातन और नूतन का संगम कर प्रत्येक विद्यार्थी को भारतीयता का बोध के साथ आत्मगौरव का भाव जागृत कर पवित्र, चरित्र और व्यक्तित्व युक्त नेतृत्व का निर्माण करना बताया। कार्यक्रम को सुनील अग्रवाल लेंद्रवाले, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. एमआर सावंत, गोपाल चक्रधारी, राजीव गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

### चेक चोरी कर डेढ़ लाख का आहरण

**रायपुर।** डूमरतराई में पशु आहार बनाने कच्चे माल का कारोबार करने वाले कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ उसकी फर्म के तीन चेक चोरी कर डेढ़ लाख रुपए आहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अनिल जायसवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि मार्च में अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्म के तीन चेक चोरी कर बैंक से रुपए आहरण कर लिए।

# बादलों का सटीक लोकेशन बताने 10 करोड़ की लागत से रडार रेडी, अब हरी झंडी की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बादलों का सटीक लोकेशन बताने वाला मौसम विज्ञान केंद्र का कलर डॉप्लर रडार बनकर तैयार हो गया है। 10 करोड़ की लागत से बनाए गए इस रडार का उपयोग केंद्रीय मंत्रालय की हरी झंडी के बाद किया जाएगा। इस रडार की मदद से मौसम संबंधी जानकारियों और पूर्वानुमान में अधिक सटीकता आएगी, साथ ही 3 सौ किलोमीटर की रेंज तक मौसम तंत्रिकाओं पर नजर रखी जा सकेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के इस महत्वपूर्ण कलर डॉप्लर रडार को इंदिरा गांधी कृषि विवि परिसर में स्थापित किया गया है। करीब ढाई साल पहले इस रडार को स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया था।

## मौसम विज्ञान केंद्र का कलर डॉप्लर रडार, कृषि विवि में किया गया है स्थापित



### दस मीटर ऊंचा, प्रदेश में पहला रडार

मौसम विभाग के सूत्रों के अनुसार, 10 करोड़ की लागत से तैयार किया गया कलर डॉप्लर रडार दस मीटर ऊंचा है। इसमें विभिन्न तरह के आधुनिक सिस्टम लगाए गए हैं, साथ ही स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई है। रडार के काम करने के सिस्टम की वजह से माना विमानतल क्षेत्र में लगाने के प्रस्ताव को पूर्व में खारिज कर दिया गया था। इसके पूर्व लालपुर के मौसम विज्ञान केंद्र में भी इसकी स्थापना के प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

दस्तावेजों के साथ निर्माण की लंबी प्रक्रिया के बाद आखिरकार इसका काम पूरा हो चुका है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों द्वारा इसकी टेस्टिंग की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा इसका लोकार्पण किए जाने के बाद उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। मौसम विभाग की विशेषज्ञ डएॅ. गायत्री वाणी कांचिभोटला ने बताया कि इसके मदद से मौसम संबंधी गतिविधियों का सटीकता के साथ पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा। इसके बारिश वाले बादलों के लोकेशन के साथ अन्य जानकारी भी विस्तृत रूप से प्राप्त हो सकेगी। स्थापित किए गए इस रडार की मदद से रायपुर के चारों लगभग तीन सौ किलोमीटर के दायरे में सक्रिय होने वाली किसी भी तरह की मौसमी गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी।

## अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर

# साढ़े तीन माह में 20 हजार महंगा हुआ सोना अभी दाम 98000, एक लाख पहुंचेगी कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में साढ़े तीन माह में अब तक ऐतिहासिक करीब 20 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। इसके पहले कभी भी सोने के दाम इतनी रफ्तार से नहीं बढ़े हैं। बीते वर्ष सालभर में दाम 19300 रुपए बढ़े थे, लेकिन अब उससे ज्यादा दाम बढ़ चुके हैं। विगत 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी, जो इस समय 98300 रुपए हो गई है। यह दाम शनिवार को बंद हुए बाजार का है। सोमवार को बाजार खुलने के बाद अगले सप्ताह सोने के दाम कभी भी एक लाख तक जा सकते हैं। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेश भी लगातार बढ़ रहा है। अब रोज सोने में 30 करोड़ का निवेश हो रहा है। नए साल में अब तक सोने के दाम 19900 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत 98300 हो गई है।

### सोने की पांच साल की एक जनवरी और 31 दिसंबर की कीमत

*2020 में सोना 39150 से 51300 रुपए*
*2021 में सोना 51400 से 49150 रुपए*
*2022 में सोना 49500 से 54000 रुपए*
*2023 में सोना 54000 से 62900*
*2024 में सोना 62900 से 78400 रुपए*
*2025 में 19 अप्रैल को 98300 रुपए*

### सालभर में दाम बढ़े थे 19300

सोने ने बीते साल निवेशकों को सबसे ज्यादा लुभाने का काम किया है। सोने की कीमत बीते साल भी तेजी से बढ़ी। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी। साल भर में सोना रिकॉर्ड 19 हजार तीन सौ रुपए तक महंगा हुआ। जो सोना एक जनवरी 2024 को 62900 रुपए था, वहीं 30 अक्टूबर को रिकॉर्ड 82200 रुपए तक गया। हालांकि 31 दिसंबर को कीमत 78400 रुपए रही।

### अब रोज 30 करोड़ का निवेश

अपने राज्य में सोने और चांदी का रोज का कारोबार 50 करोड़ का है। इसमें से आधा यानी 25 करोड़ का कारोबार निवेशकों का है। निवेशक जहां 20 करोड़ रुपए सोने में निवेश करते हैं, वहीं पांच करोड़ रोज का चांदी में निवेश किया जाता है। लेकिन इस साल सोने की कीमत में लगातार इजाफा होने के कारण अब रोज 30 करोड़ का निवेश सोने में ही हो रहा है। चांदी में भी निवेश पांच करोड़ से ज्यादा का हो गया है।

## गुजरात की एजेंसी को मिला ठेका

# राजधानी में 100 ई-बसें दौड़ेंगी, रोडमैप तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की सड़कों पर जल्द ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के लिए इको फ्रेंडली ई-बसें संचालित होने जा रही हैं। बस संचालन के लिए पूर्व निर्धारित रूट के अलावा कुछ नए रूट तय किए गए हैं, जहां ई-बस का संचालन किया जाएगा। पूर्व में संचालित सिटी बसें पूरी तरह से कंडम हो गई हैं। बस संचालन के लिए गुजरात अहमदाबाद की चार्टडेड स्पीड लिमिटेड कंपनी को एजेंसी दी गई है। गुजरात की कंपनी स्थानीय स्तर पर ऑपरेटर तय कर बसों का संचालन करेगी। ई-बस संचालन के लिए रूट तय कर लिया गया है, बस संचालकों ने 62.20 रुपए प्रति किमी के हिसाब से रेट तय किया गया है। पूर्व में संचालित 67 सिटी बसों में से आधी से ज्यादा कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं। वर्तमान में महज 25 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है।

### ऑटोवालों की मनमानी से राहत

वर्तमान में गिनती के सिटी बसें संचालित होने की वजह से कम दूरी पर यात्रा करने वालों को सामान्य बसों में भारी-भरकम किराया चुकाना पड़ता है। इसके अलावा ऑटो के साथ ई-रिक्शा चालक लोगों से मनमानी किराया भाड़ा वसूलते हैं। पर्याप्त संख्या में सिटी बस ऑटो चालकों की मनमानी पर लगाम लगेगी।

### इन मार्गों पर सिटी बस का संचालन

- *रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, मैग्नेटो माल, एमएम फन सिटी, भानसोज*
- *रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, माना बस्ती, रावतपुरा कॉलेज, चंपारण*
- *रेलवे स्टेशन से तेलीबांधा, मंदिर हसौद, कुरुद, चंद्रखुरी*
- *रेलवे स्टेशन से धरसींवा, खैरखुंट, सुंगेरा*
- *रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर मंत्रालय, संचालनालय वाया जोरा*
- *रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर मंत्रालय, संचालनलय वाया माना बस्ती चौक, नगर घड़ी, पचपेड़ी नाका, टाटीबंध, रेलवे स्टेशन से पंडरी बस स्टैंड, विधानसभा, मांढर, सिलियारी, रेलवे स्टेशन से भाठागांव बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से कुम्हारी बस्ती, घड़ी चौक व्हाया कुम्हारी चौक*
- *रेलवे स्टेशन से माना एयरपोर्ट व्हाया घड़ी चौक, माना कैंप, रेलवे स्टेशन से मंदिर हसौद, नवागांव, पलौद, कोटनी, रेलवे स्टेशन से पंडारी बस स्टैंड, अवंति चौक, मोवा, जीरो पाइंट, विधानसभा, दोंदे, खरोरा तिगड्डा, रेलवे स्टेशन से फाफाडीह सिलियारी स्टेशन, रेलवे स्टेशन से फाफाडीह, भनपुरी, उरला, कुम्हारी*
- *एयरपोर्ट से टाटीबंध चौक, भिलाई, दुर्ग बस स्टैंड, एयरपोर्ट से तेलीबांधा चौक, कुम्हारी, चरौदा, भिलाई-3, पॉवर हाउस, नेहरू नगर, दुर्ग बस तक स्टैंड (एसी बस)।*

# निगम मुख्यालय और पंडरी कपड़ा मार्केट में होगी तिमंजिला स्वचालित पार्किंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कम स्पेस में हाइड्रोलिक लिफ्टिंग प्लेटफार्म का कांसेप्ट
- ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की सालासर टेक्नीकल कंपनी चयनित

राजधानी में मेट्रो सिटी की तर्ज पर नगर निगम कम स्पेस में स्वचालित सिस्टम से वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। प्रयोग बतौर शहर के दो स्थानों पर हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग की शुरुआत की जाएगी। इसमें महात्मा गांधी सदन के पिछले हिस्से की खाली पड़ी जमीन और पंडरी कपड़ा मार्केट परिसर में इसके लिए जगह चिन्हांकित की गई है। निगम के योजना शाखा ने इसके लिए ऑनलाइन टेंडर में दिल्ली की सालासर टेक्नीकल पार्किंग सर्विसेस एजेंसी को अनुबंधित किया है।

पार्किंग की समस्या से जूझ रहे शहर में नगर निगम अब स्वचालित हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग सिस्टम को प्रयोग बतौर अपनाने जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि सीमित स्थान में वाहनों को सुरक्षित रूप से पार्क करने हाइड्रोलिक लिफ्टिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं। ये सिस्टम विशेष रूप से कम स्पेस वाले क्षेत्रों में ज्यादा उपयोगी होता है। इसमें पार्किंग आसान और सुविधाजनक होगी। उपयोगकर्ता को अपने वाहन पार्क करने या वापस लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।




### निगम मुख्यालय में जी प्लस थ्री स्वचालित पार्किंग

*रायपुर नगर निगम अपने स्टाफ के लिए 18 लाख रुपए की लागत से तिमंजिला स्वचालित पार्किंग की सुविधा देने की तैयारी में है। इसमें 12 कार पार्क करने की सुविधा रहेगी। अनुबंधित एजेंसी 2 साल तक इसका संचालन व संधारण कार्य करेगी। इससे नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी जहां अपने वाहन की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो पाएंगे, वहीं गांधी सदन में पार्किंग को लेकर हो रही दिक्कत दूर होगी। इसी तरह पंडरी कपड़ा मार्केट में 23 चारपहिया वाहनों के लिए 55 लाख की लागत से हाइड्रोलिक मैकेनाइज्ड पार्किंग सिस्टम विकसित होगा। मॉल की तर्ज पर शहर के थोक कपड़ा मार्केट में लोग अपनी गाड़ियां बिना किसी दिक्कत के पार्क कर सकेंगे। तीनमंजिला स्वचालित पार्किंग तैयार करने एजेंसी तय हो गई है।*

# 70 वार्डों से रोज निकल रहा 600 टन कूड़ा, डंप करने मात्र 9 ट्रांसफर स्टेशन

**रायपुर।** शहर के 70 वार्डों से निकल रहे कूड़ा को शहर के भीतर रखने नगर निगम के पास जगह का टोटा है। रामकी के पास केवल 9 कलेक्शन पाइंट हैं, जहां पर 255 सफाई गाड़ियों में 70 वार्डों से प्रतिदिन निकलने वाला 600 मीट्रिक टन कूड़ा को लाया जाता है। यही कारण है कि रायपुरा में कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ी को बूढ़ापारा के पुराने धरनास्थल के पास कलेक्शन पाइंट तक आना पड़ता है, क्योंकि वहां आसपास ठेका कंपनी को ट्रांसफर स्टेशन के लिए निगम ने जगह नहीं दिलाई। हैरानी की बात ये है कि धरना स्थल वाले पाइंट में 4 जोन से 28 वार्डों का कचरा रोज पहुंच रहा है। इसे खाली करने सुबह और देर शाम तक गाड़ियों की लाइन लगी रहती है। यही हाल शहर की अन्य जगहों पर बनाये गये ट्रांसफर स्टेशन का है।

**20 जगहों पर चाहिए ट्रांसफर स्टेशन, बना पाए मात्र 9-** शहर के विस्तार को देखते हुए रामकी कंपनी ने नगर निगम प्रशासन को ट्रांसफर स्टेशन बनाने शहरभर में 20 से 25 जगहों पर ट्रांसफर स्टेशन बनाने जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार का कहना है, निगम आयुक्त के साथ चर्चा में सेकेंडरी कलेक्शन पाइंट के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

### जगह चिन्हांकित कर रहे

रामकी कंपनी के साथ शहर में नए ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए जगह चिन्हांकित कर रहे हैं, ताकि सफाई गाड़ियों को कचरा खाली करने ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े।

- **विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद कीमत लौटी 100 से 120 तक



### अन्य दालें भी सस्ती

अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 95 से 110 और चिल्हर में 100 से 120, मूंग दाल थोक में 90 से 100 और चिल्हर में 100 से 110 रुपए है। देशी चना थोक में 57 रुपए और चिल्हर में 65 रुपए में मिल रहा है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 110 रुपए और चिल्हर में 120 रुपए में बिक रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीते साल ही 200 रुपए तक हो गए थे दाम

अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद वापस पुराने दाम पर लौट आई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 120 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 110 से 120 में मिल रही है। बीते साल जहां अरहर दाल के दाम 200 रुपए थे, वहीं अंतिम माह दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। किसी भी दाल के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं।

अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।

### दो सौ के पार गए दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए थी। इसके बाद इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दौ सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।

### नए फसल आने से घटे दाम

इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए। लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब अप्रैल इसके दाम थोक में 100 से 110 और चिल्हर में 110 से 120 रुपए हो गए हैं। थोक मे 110 रुपए वाली दाल महाराष्ट्र की अच्छी क्वालिटी की है, यह चिल्हर में 120 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 100 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 110 रुपए में मिल रही है।

### विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** गर्मी की आहट के साथ चिकनपॉक्स, पीलिया और विभिन्न वायरस जनित बीमारियों का सिलसिला शुरू हो जाता है। समाजसेवी संस्था विप्र स्वास्थ्य सेवा संगठन द्वारा रायपुर के कोटा मस्जिद प्रांगण में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन अध्यक्ष डॉ. सतीश दीवान के साथ डॉ. वीणा मिश्रा, डॉ. अभिजीत झा, डॉ. तनु तिवारी, डॉ. सारिका श्रीवास्तव, डॉ. जिया फातिमा, डॉ. नालंदा रामटेके, डॉ. दिनेश तिवारी, डॉ. सुशील बागड़े, साईं बाबा हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने कोटा निवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही बीपी, सुगर, आंखों की जांच के साथ पीलिया और चिकनपॉक्स की होमियोपैथिक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। शिविर में संगठन के सदस्य मिथिलेश रिछारिया, सैय्यद फारुख और रितेश यादव ने शिविर में अपना विशेष योगदान दिया।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

# शांति सरोवर सेंटर में दादी रतनमोहिनी को किया नमन

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमाहिनी की पुण्यस्मृति में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में हुआ, जिसमें सभी ने 101 वर्ष की आयु में दिवंगत मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने दादीजी के व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए बताया कि दादी रतनमोहिनी में दैवीय गुण थे। उनमें नेतृत्व कला और प्रशासकीय कौशल भी था। बचपन से अध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह के कारण दादी रतनमोहिनी महज 13 वर्ष की अल्पायु में ही ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ गई थीं। वह नारी शक्ति के सबसे बड़े संगठन ब्रह्माकुमारीज की मुखिया के रूप में पांच हजार पांच सौ सेवाकेंद्रों और 50 हजार गीता पाठशालाओं का संचालन कर रही थीं। समारोह में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, किरण दीदी, रश्मि दीदी, भावना दीदी, निधि दीदी, इति दीदी, वनिषा दीदी, अदिति दीदी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।







हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 धर्म रक्षा महायज्ञ के बाद महर्षि दयानंद...

लाइव इवेंट

## भारत में 28 में से 1 महिला को स्तन कैंसर होने की बढ़ी आशंका



**रायपुर।** मेनोपॉज सोसायटी की जन जागरूकता समिति द्वारा महिलाओं, खासकर युवा आयु वर्ग में कैंसर के बढ़ते मामलों को लेकर बढ़ती चिंता को ध्यान में रखते हुए कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी और आम जनता को कैंसर से लड़ने के लिए प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और जीवनशैली प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा वर्मा ने छत्तीसगढ़ में स्त्री रोग संबंधी कैंसर, विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा और स्तन कैंसर की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। भारत में लगभग 28 में से 1 महिला को अपने जीवनकाल में स्तन कैंसर होने की संभावना है। इसके साथ ही उन्होंने नियमित स्व-परीक्षण और स्क्रीनिंग के माध्यम से प्रारंभिक पहचान के महत्व को रेखांकित किया।

### आवश्यक कदम उठाने की जरूरत

छत्तीसगढ़ में 2023 में कैंसर से 11011 मौतें हुईं, जबकि 1717 महिलाओं की स्तन कैंसर से मृत्यु हुई। इस प्रकार हमारे छत्तीसगढ़ में बढ़ता कैंसर रोग चिंताजनक है, इसलिए हमें अभी से इससे बचने और इसके प्रति जागरूक होने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने असामान्य रक्तस्राव, लगातार पैल्विक दर्द या स्तन गांठ जैसे प्रारंभिक चेतावनी संकेतों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को वार्षिक स्वास्थ्य जांच, पारिवारिक इतिहास के बारे में जागरूकता और किसी भी संदिग्ध लक्षण के लिए तुरंत परामर्श अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### चेतावनी संकेतों को पहचानने पर जोर

*डॉ. वर्मा ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर भारतीय महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है, लेकिन समय पर टीकाकरण और नियमित पैप स्मीयर से इसे लगभग पूरी तरह से रोका जा सकता है। एम्स रायपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ व अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विनीता सिंह और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी पुन्सी ने असामान्य रक्तस्राव, बिना किसी कारण के वजन कम होना या स्तन में गांठ जैसे शुरुआती चेतावनी संकेतों को पहचानने पर जोर दिया।*

शादी सीजन में ज्वेलरी व कपड़ों का बदल रहा ट्रेंड

# शादी में किराए की ज्वेलरी व कपड़ों से मिल रहा नया स्टाइलिश लुक

"समय के साथ लोगों की सोच और पसंद तेजी से बदल रही है। अब खास मौकों पर भारी भरकम रकम खर्च कर ज्वेलरी खरीदने की जगह लोग किराए पर ज्वेलरी लेना ज्यादा समझदारी भरा विकल्प मान रहे हैं। शादी, पार्टी या फोटोजेनिक प्री-वेडिंग शूट जैसे आयोजनों में रॉयल और यूनिक लुक के लिए महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी किराए की ज्वेलरी को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस ट्रेंड का सबसे बड़ा फायदा है कि हर मौके पर नया और स्टाइलिश लुक मिल जाता है, और जेब पर भारी भी नहीं पड़ता है।



**रायपुर।** हरिभूमि ने शहर के ज्वेलरी रेंटल दुकानदारों से बातचीत की, जिनका कहना है कि शादियों के सीजन में सिर्फ दूल्हा-दुल्हन ही नहीं, बल्कि रिश्तेदार और मेहमान भी ज्वेलरी किराए पर ले रहे हैं। खासतौर पर कॉस्ट्यूम ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ी है। यह न केवल स्टाइलिश डिज़ाइनों में आती हैं, बल्कि कम कीमत में भी शानदार लुक देती है। पारंपरिक सोने-चांदी की ज्वेलरी के मुकाबले यह ट्रेंड अधिक किफायती, ट्रेंडी और फ्लेक्सिबल है।

### थीम के हिसाब से मैचिंग नेकलेस की मांग

राजधानी में किराए पर ज्वेलरी लेने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। यहां अब महिलाओं के लिए अपनी ड्रेस और थीम के हिसाब से मैचिंग ज्वेलरी की मांग भी काफी बढ़ गई है। राजधानी में 5 से 6 ज्वेलरी रेंटल शॉप्स ही हैं, लेकिन मांग को देखते हुए इन दुकानों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही हैं। शंकर नगर स्थित दुकान संचालक पंकज कश्यप ने बताया कि अब महिलाएं केवल नेकलेस, मांगटीका, झुमके और कड़े ही नहीं, बल्कि फुट गहनों तक को किराए पर ले रही हैं। खास बात ये है कि सोने की ज्वेलरी की बजाय लोग आर्टिफिशियल ज्वेलरी को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ये आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट्स 5 से 10 हजार रुपए में किराए पर उपलब्ध हैं, जो अगर खरीदने पर लाखों रुपए में आते। ये ज्वेलरी सेट खास मौकों पर एक नया और रॉयल लुक देने में मदद करती है, साथ ही किफायती भी होती है।

### खरीदने के बजाय किराए में लेना बना समझदारी भरा विकल्प



### दूल्हे कोर्ट और दुल्हन लहंगा किराए पर ले रहे

शादी के खास मौके पर एक बार उपयोग के बाद अधिकांश कपड़े फिर से इस्तेमाल में नहीं आते। ऐसे में, लोग अब कपड़े किराए पर लेने की ओर रुख कर रहे हैं, खासकर जब बात शादी के महंगे कपड़ों की हो। इस नए ट्रेंड में दूल्हे कोर्ट और दुल्हन लहंगा अब किराए पर आसानी से मिल रहे हैं, जिससे कपड़े खरीदने की बजाय किराए पर लेना एक स्मार्ट और किफायती विकल्प बन गया है। पुरानी बस्ती स्थित ज्वेलरी और कपड़े रेंटल दुकानदार हेमंत विश्वकर्मा का कहना है कि इस सीजन में दूल्हे कोर्ट और दुल्हन लहंगा की मांग काफी बढ़ी है। शादी के इन कपड़ों को किराए पर लेने से लोगों को स्टाइलिश लुक मिल रहा है और खर्च भी कम आ रहा है।

### हर सीजन में बढ़ रही मांग

किराए पर सोने की ज्वेलरी लेने के लिए गहने या पैसे पहले देने होते हैं, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से जरूरी होते हैं। इसके अलावा, अगर ज्वेलरी में कोई खराबी या चोरी हो जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी ग्राहक की होती है। इस कारण, आजकल लोग आर्टिफिशियल गहनों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जो सोने की ज्वेलरी जैसे ही चमकते हैं, लेकिन कम कीमत में उपलब्ध होते हैं। दुकान संचालकों का कहना है कि शादी के सीजन में 30 से ज्यादा दूल्हा-दुल्हनों ने किराए पर ज्वेलरी ली है। लोग अब हर फंक्शन के लिए अलग-अलग ज्वेलरी किराए पर ले रहे हैं। इस ट्रेंड की सबसे बड़ी खासियत यह है कि हर सीजन में ज्वेलरी की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि यह किफायती और फ्लेक्सिबल विकल्प बन चुका है।



सिटी इवेंट

## रेनेसां मैन डॉक्यूमेंट्री में दिखी समसामयिक इतिहास की झलक




**रायपुर।** रविवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद विवेक तनखा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग हुई। इस फिल्म का नाम रेनेसां मैन है और इसे जबलपुर के अजय चिटनिस ने डायरेक्ट किया है।

कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं। इस डॉक्यूमेंट्री में विवेक तनखा के पिछले 25-30 वर्षों के समसामयिक इतिहास की झलक दिखाई गई है। फिल्म में उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है, जिसमें उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को शामिल किया गया है। इनमें क्लैट एग्जाम की शुरुआत, भूकंप पीड़ितों की मदद, सिक्किम के दुर्गम सड़क के निर्माण की प्रक्रिया की शुरुआत और आईपीएस, आईएफएस अफसरों को सीआर प्रक्रिया के मामले में आईएएस के चंगुल से मुक्त कराना जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।



### ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम में हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, आईटीएम यूनिवर्सिटी, रावतपुरा यूनिवर्सिटी और एथेना स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही यहां के प्रोफेसर्स और टीचर्स भी उपस्थित थे। रायपुर बार एसोसिएशन के माननीय सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। रोटरी क्लब के सम्मानित सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से अमित जैन, संदीप अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, आनंद सिंघानिया, मनोज अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल और संदीप दुबे शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा, विकास विजय बजाज, रवि सिंघल और प्रशांत मंधन के सहयोग से हुआ।*

भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी, आधुनिक शिक्षा में समावेशन पर चर्चा

## भारतीय ज्ञान परंपरा: शिक्षा में समावेश से छात्रों का होगा बौद्धिक विकास

**रायपुर।** भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेशन पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर गहरी चर्चा हुई। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह, महापौर मीनल चौबे, क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा और छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के दौरान डॉ. एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के उद्देश्य और दृष्टिकोण पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड, जो भारत सरकार द्वारा गठित एक संस्था है, अब राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों को संबद्धता प्रदान करेगा। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश किया जाएगा। इसमें वेद, उपनिषद, दर्शन, महाभारत, गीता, गुरुग्रंथ साहेब, जैन दर्शन, बौद्ध दर्शन जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान के तत्वों को शामिल किया जाएगा।





### परंपरागत मूल्यों को मजबूत बनाना है

भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित संगोष्ठी में महापौर मीनल चौबे ने भारतीय शिक्षा में परंपरागत मूल्यों को मजबूती से स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो बच्चों को अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्यों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल शिक्षा से जुड़े लोगों ने भी अपनी राय रखी और कहा कि बच्चों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि वे आधुनिकता के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भी समझ सकें। संगोष्ठी में इस बात पर भी जोर दिया गया कि भारतीय शिक्षा में परंपरागत मूल्यों का समावेश करके उसे और भी मजबूत और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। अतिथियों ने बताया कि देशभर में भारतीय शिक्षा बोर्ड से जुड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो छात्रों को केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि संस्कार और मूल्यों के स्तर पर भी सशक्त बनाएंगे।

## अहिल्या बाई के जीवन को कैनवास पर किया चित्रित

**रायपुर।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर चित्रकला कार्यशाला का भव्य समापन रविवार को हुआ। बूढ़ेश्वर मंदिर रायपुर में आयोजित चित्रकला कार्यशाला के अंतिम दिन चित्रकारों ने अहिल्या बाई के जीवन के विभिन्न प्रसंगों और दृश्यों को अपने चित्रों के माध्यम से कैनवास पर सजीव किया। कार्यशाला समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा (सदस्य महिला आयोग, छत्तीसगढ़) और विशिष्ट अतिथि योगेश अग्रवाल (संरक्षक संस्कार भारती छत्तीसगढ़) रहे। कार्यक्रम में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा और संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय भी उपस्थित थे।

### विभिन्न पहलुओं पर दिखी चित्रकला

चित्रकला कार्यशाला में कलासाधकों ने देवी अहिल्या बाई के जीवन के विभिन्न पहलुओं को चित्रित किया। डॉ. शशि प्रिय उपाध्याय (दुर्ग) ने अहिल्या बाई की दानशीलता को दर्शाया, जबकि राहुल दत्त (रायपुर) ने नर्मदा उद्गम स्थल पर धर्मशाला के निर्माण का चित्रण किया। मनहरण देवांगन (रायपुर) ने अहिल्या बाई के सती होने के दृश्यों को चित्रित किया, जिसमें उनके ससुर मल्हार राव और प्रजाजन उन्हें रोकते हुए दिखाए गए हैं। मना केंवट (बिलासपुर) ने हाथी पर बैठी अहिल्या को युद्ध करते हुए चित्रित किया।

कॅरियर ब्लूम एजुकेशन में युवाओं को शिक्षाविदों से संवाद करने का मिला अवसर

## स्कूल के बाद छात्रों को मेंटरशिप और एक्सपोजर की जरूरत, कॅरियर के नए विकल्पों व नवाचार पर दिखाई राह

कार्नर न्यूज

कॅरियर ब्लूम एजुकेशन एक्सपो में रायपुर के युवाओं को देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों से संवाद करने का अवसर मिला। ब्लूम टाइम के बैनर तले यह आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक और कॅरियर संबंधी सही दिशा, स्पष्टता और प्रभावशाली मार्गदर्शन प्रदान करना था।






**रायपुर।** ब्लूम टाइम की संस्थापक नेहा राहुल जैन ने कहा, 'छात्रों के लिए व्यावहारिक और सुलभ कॅरियर मार्गदर्शन की बड़ी कमी थी। कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र, भारत सरकार के नीति अधिकारी सिद्धार्थ राजहंस का प्रेरणादायक संबोधन प्रमुख रहा। उन्होंने वैश्विक अवसरों, कॅरियर के नए विकल्पों और नवाचार की भूमिका पर छात्रों को दिशा दी। उनकी बातचीत ने कॅरियर एक्सप्लोरेशन की शुरुआत को और भी सशक्त बनाया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आर्यन कटारिया ने अपनी रोचक और प्रेरणादायक कहानियों के जरिए छात्रों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अपने सपनों को पूरा करने का उत्साह भरा। कार्यक्रम में पैनल में रोहित परख, सिद्धार्थ अग्रवाल, आनंद सिंघानिया, ईशा झावर और आकाश अग्रवाल ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

### प्रदेश भर से छात्रों ने लिया भाग

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। आस्था राजपूत को उनकी अकादमिक उत्कृष्टता और नेतृत्व के लिए सराहा गया। एक्सपो में संगीतमय प्रस्तुतियां, इंटरएक्टिव कॅरियर गेम्स और जोश से भरपूर ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन लक्की ड्रा के साथ हुआ, जिसमें स्मार्टवॉच, हेडफोन्स और गिफ्ट हैम्पर्स जैसे शानदार इनाम जीतकर छात्रों के चेहरे पर मुस्कान छा गई।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 1,000 से अधिक कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही, माता-पिता, शिक्षक, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि और कॅरियर विशेषज्ञ भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

# मैग्नेटो प्रीमियर लीग में युवाओं पर छाया क्रिकेट का जुनून, हर दिन रोमांचक मुकाबले




रायपुर। मैग्नेटो मॉल में आयोजित मैग्नेटो प्रीमियर लीग का 21वां दिन खेल प्रेमियों के लिए बेहद खास रहा। पूरे दिन क्रिकेट का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला, जहां दर्शकों का उत्साह और खिलाड़ियों का जोश सातवें आसमान पर था। टूर्नामेंट में खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और माहौल को पूरी तरह से क्रिकेटमय बना दिया। दिन का पहला मुकाबला जया मेडिकल और वैल्थों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में जया मेडिकल ने शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में टीम आकाश और जेपीसी आमने-सामने थी। टीम आकाश ने शानदार टीमवर्क और धुआंधार प्रदर्शन के दम पर मैच पर कब्जा जमाया।

### खिलाड़ियों का जोशीला प्रदर्शन

मैग्नेटो मॉल पूरे दिन क्रिकेट के जुनून में डूबा रहा। हर चौका-छक्का और विकेट पर दर्शकों की तालियों की गूंज ने माहौल को और भी जोशपूर्ण बना दिया। टूर्नामेंट के विजेता को 1 लाख रुपए की नकद राशि और उपविजेता को 50 हजार रुपए का इनाम मिलेगा। लगभग 1 से 1.5 महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हर दिन नए चेहरे उभर रहे हैं, जो भविष्य के सितारे बन सकते हैं। टूर्नामेंट जैसे-जैसे अपने अगले पड़ाव की ओर बढ़ रहा है, मुकाबले और भी ज्यादा रोमांचक हो रहे हैं। दर्शकों में आगामी मैचों को लेकर जबरदस्त उत्साह है और सभी को बेसब्री से अगली भिड़ंतों का इंतजार है।

## पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में दो दिवसीय 200 कुंडीय यज्ञ में 51000 आहुतियों से पूर्ण हुआ महायज्ञ

# धर्म रक्षा महायज्ञ के बाद महर्षि दयानंद के विचारों पर मंथन, आर्य समाज ने दिखाया सत्य-अहिंसा का मार्ग

'आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस और महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया था। इस श्रृंखला में दो दिनों तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 200 कुंडीय महायज्ञ में भक्तिमय माहौल रहा। इसके मंचीय कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि 1999 में आर्य समाज के संपर्क में आया। इस समाज ने देश का गौरव बढ़ाया है। कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जैसा चिंतक 19वीं शताब्दी से अब तक कोई दूसरा नजर नहीं आता है। उन्होंने लोगों से बच्चों में धर्म का बीज बोने के लिए आह्वान किया।'




रायपुर। महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर 200 कुंडीय धर्म रक्षा महायज्ञ किया गया। इसमें यजमानों ने 51000 आहुतियां देते हुए महायज्ञ को पूर्ण किया। इसके लिए लोग रविवार सुबह 7 बजे से महायज्ञ स्थल पर पहुंचने लगे थे। 8 बजे से यज्ञ कुंड में आहुति का सिलसिला शुरू हुआ। इसे आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री के मार्ग-दर्शन में सम्पन्न किया गया। इसके बाद मंचीय संबोधन देते हुए आचार्य ने कहा कि दान छाप करके नहीं, बल्कि छिपा करके करें। दान व्यक्ति को स्वर्ग अर्थात सुख देता है। छपा हुआ दान व्यक्तिगत प्रतिष्ठा देगा, लेकिन धर्म और पुण्य के भाव को कम कर देगा। बहुत से लोग दुनिया में ऐसे हैं जो संतान से दुखी हैं, कई संतान के लिए दुखी हैं। कुछ धन से दुखी तो कितने ही लोग धन के लिए दुखी हैं। धर्म कहता है पुरुषार्थ के साथ ईश्वर के प्रति समर्पण रखने से व्यक्ति यज्ञशील बनता है।




### महर्षि ने आर्य व्रत का एहसास कराया

कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने धर्म रक्षा महायज्ञ की श्रृंखला सजाने का आह्वान करने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती को महान चिंतक और विचारक बताते हुए कहा कि देश के लिए वे किस तरह की सोच रखते थे, उसे भी चिंतन में शामिल करना होगा। धर्म और मनुष्य के महत्व को बताते हुए कैप्टन सिंधु ने कहा कि आर्य व्रत होने का बोध महर्षि ने गुलाम भारत को कराया था। लोगों से कैप्टन ने आह्वान किया कि बच्चों में धर्म का बीज बोएं। उन्होंने सेवार्थ 11 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### स्वामी दयानंद सरस्वती महान विचारक थे

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आर्य समाज के विचार संसार को सत्य, अहिंसा और सेवा का मार्ग दिखा रहे हैं। मैं 1999 में आर्य समाज के संपर्क में आया। इस महा सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों का मैं स्वागत करता हूं। स्वामी दयानंद एक महान विचारक चिंतक थे। उनके विचार व सत्यार्थ प्रकाश आज भी लाखों, करोड़ों लोगों को सत्य का मार्ग दिखा रहे हैं। इससे पहले आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने सीएम का स्वागत किया। इसके बाद सीएम द्वारा आर्य समाज के विभिन्न कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।*





### ठोस कदम उठाने के लिए किया आह्वान

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा जिसे स्वर्ग के सुख की इच्छा है, उसे यज्ञ करना चाहिए। आर्य समाज ने वक्फ बिल पर आए भारत सरकार के कानून का समर्थन किया। साथ ही समाज के 3000 से भी अधिक जन प्रतिनिधियों ने बंगाल के मुर्शिदाबाद में हो रहे हिन्दू हिंसा के खिलाफ सरकार को ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। इस दौरान रामकुमार पटेल, अवनी भूषण पुरंग, जगबंधु शास्त्री ने भी लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सौरव जोशी, सुरेश चंद, राजेंद्र विद्यालंकार, जीवर्धन शास्त्री, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण ने भी अपने विचार रखें। भजन उपदेश के कर्मठ ने भाव विभोर करने वाले भजन पेश किए।

### उस दिन से गौ पालन भी शुरू होगा

गुजरात के राज्यपाल आचार्य डॉ. देवव्रत ने कहा कि गाय को गौशाला में नहीं रखना चाहिए, उसे किसान को खूंटे से बांधना चाहिए। ऐसा नहीं होने से गाय की स्थिति वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों की तरह होती है। पवित्र यज्ञ वेदी में आहुति देने को लेकर कहा कि स्वामी दयानंद ने गांव की रक्षा व कृषि पर व्यापक दृष्टिकोण रखा है। गौ माता की जय बोलने से गाय नहीं बचेगी, उसे पालना पड़ेगा। गाय लाभदायक बन जाएगी, उस दिन से गौ पालन शुरू होगा। उन्होंने 5 लाख रुपए धर्मार्थ एवं सेवार्थ देने की घोषणा की।

## समाज लाइव

# नवम ध्वजारोहण से पहले जैन गोशाला स्थापित करने संकल्प



रायपुर। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी ने अष्टम ध्वजा महोत्सव पर रविवार को आगामी 9वें ध्वजारोहण से पहले रायपुर के पास सर्व सुविधायुक्त गौशाला स्थापित करने का निर्णय लिया है। विगत एक वर्ष से इसके लिए ट्रस्ट प्रयासरत है। अभी तक रायपुर के किसी भी जैन ट्रस्ट द्वारा राजधानी में और आसपास किसी गौशाला का संचालन नहीं किया जाता है। इसे देखते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जीव दया जैन धर्म का मूलमंत्र है। रविवार को इस कड़ी में घुमंतू पशुओं को चारा वितरण के समय इस बात पर गौर किया गया कि गौशाला स्थापना की जरूरत है। उस तारतम्य में जैन ट्रस्ट द्वारा संचालित जैन गौशाला स्थापना का संकल्प लिया गया है।

### जमीन चयन के लिए समिति गठन

जैन गौशाला शुरू करने के लिए भूमि चयन करने 9 सदस्यीय समिति का गठन किया गया।



इसमें संतोष बैद, तिलोक बरड़िया, किशन बैदमुथा, राजेश सिंघी, महेन्द्र कोचर, टीकम जैन, नीलेश गोलछा, जय सांखला, निकेश बरड़िया शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर घुमंतू पशुओं की सेवा का प्रकल्प शुरू किया गयाए जो सप्ताहभर चलेगा। ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य आचार्य भगवंत जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी म. सा . के शुभ आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेन्द्र सागर के सुशिष्य उपाध्याय मनीष सागरजी म.सा. के सुशिष्य ऋषभ सागर आदि ठाणा 2 के सानिध्य में आयोजित हुआ।

# ईस्टर पर्व पर कब्रिस्तानों में सन राइज सर्विस कैंडल जलाकर प्रियजनों को किया याद



रायपुर। प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का पर्व ईस्टर रविवार को परंपरागत रूप से उत्साह और धार्मिक रीति- रिवाज के साथ मनाया गया। सुबह पांच बजे से लोग कब्रिस्तानों में सन राइज सर्विस के लिए पहुंचे। मसीहियों ने अपने प्रियजनों के नाम से कैंडल जलाने के बाद श्रद्धांजलि देते हुए प्रार्थना की। इसके लिए लोग परिवार के साथ पहुंचे। इस तरह की परंपराओं का निर्वहन शहर के सभी क्षेत्र के कब्रिस्तानों में किया गया। इसमें हजारों की तादाद में मसीही परिवार शामिल हुए। सीएनआई प्रार्थना भवन खड़वा नवा रायपुर में डीकन एमआर पतारस, बिलीवर्स चर्च में पास्टर संदीप लाल, सेंट पीटर चर्च ज़ोरा में पास्टर अब्राहम दास, ग्रेस चर्च में पादरी एच तिमोथी, सेंट मैथ्यूज़ चर्च में पादरी असीम प्रकाश विक्रम ने आराधना की।

### इनके मार्गदर्शन में की गई प्रार्थना

इसी तरह सेंट पॉल्स कैथेड्रल रायपुर सीएनआई के डिप्टी मॉडरेटर बिशप मनोज चरण अमृतसर और छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप सुषमा कुमार और सचिव नितिन लॉरेंस विशेष आराधना में शामिल हुए। पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव परसिस सैमुअल, मेंबर अजय मसीह, मुकेश पौलूस, सरिता सिंह और दीपक दास ने प्रार्थना सभा के बाद स्मृति चिन्ह प्रदान करके डिप्टी मॉडरेटर का सम्मान किया। चर्च सचिव रुचि चंदेल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कोषाध्यक्ष किरण सिंग, शॉमरोंन केजू, प्रवीण जेम्स, प्रेम मसीह ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### प्रार्थना के बाद पेश किया सांग

आराधना का संचालन रेवरेंड सुनील कुमार ने किया। वहीं, बेन जोशुआ लॉरेंस और एलियाजर ने स्पेशल सांग पेश किया। ईस्टर आराधना पर सेंट जोसफ महागिरजाघर बैरनबाजार रायपुर में आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर, वीजी फादर सबास्टियन पी और फ़ादर जॉन जेवियर ने पवित्र मिसा संस्कार कराया। ईस्टर सर्विस मारथोमा चर्च शांतिनगर में रेवरेंड सेंजो पी. वर्गीस, सेंट मेरी अर्थोडॉक्स चर्च में फादर के. अई वर्गिस ने की।

# नौ जोड़ों की शादी के लिए सजा लग्न मंडप, धूमधाम से निकली बारात



रायपुर। सांस्कृतिक भवन बिरगांव में नौ कन्याओं की शादी के लिए लग्न मंडप सजाया गया। रविवार को सुबह से वैवाहिक माहौल रहा। विधि- विधान से विवाह के लिए सभी जोड़ों को लग्न वेदी में बैठाने के बाद वैवाहिक रस्में निभाई गईं। इसमें वर-वधू पक्ष के लोग भी शामिल हुए। विवाहित जोड़े को अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान किया। हर साल की तरह बिरगांव में महिला आयोग की पूर्व सदस्य पदमा चंद्राकर के द्वारा गरीब एवं अनाथ बेटियों के विवाह का दायित्व निभाया गया। इस बार भी पदमा चंद्राकर के द्वारा नारी विकास समूह एवं जन सेवा संस्कार उत्सव समिति के बैनर तले धूमधाम से वैवाहिक समारोह का आयोजन हुआ।

### महिलाओं का यह प्रयास बेहतर

*शादी से पहले धूमधाम से बारात निकाली गई। इसमें वर-वधू पक्ष के साथ आयोजकों ने भी उत्साह से भाग लिया। नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के बाद मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास को बेहतर पहल बताया। इसके साथ ही समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने भी लोगों को संबोधित किया। शाम को जितने भी जोड़े का विवाह कराया गया, उन्हें उपहार सामग्री देने के बाद विदा किया गया।*

### शादी का दायित्व निभाने प्रयास

कन्याओं का विधि-विधान से हल्दी-मेहंदी करने के बाद दिनभर चले वैवाहिक समारोह में आयोजकों ने वर-वधू पक्ष को सहयोग दिया। साथ ही नए जीवन की शुरुआत करने के लिए कुछ भेंट सामग्रियां और उपहार दिए गए। आयोजक ने बताया कि बिरगांव क्षेत्र में गरीब व अनाथ बेटियों की तलाश के बाद हर साल उनकी शादी के लिए प्रयास किया जाता है। इसमें कई संस्थाओं, समाजसेवियों का सहयोग मिलता है। सभी के सहयोग से विवाह जैसा पुण्य कार्य को हम सफल बना पाते हैं।

# भगवान कृष्ण से सीखें प्रकृति प्रेम, नदियों-पेड़ों की करें पूजा



रायपुर। श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ महा महोत्सव में षष्ठम दिवस की कथा में आचार्य पं. झम्मन शास्त्री ने गोवर्धन लीला, रुक्मणी विवाह के मंगलमय प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना दुर्लभ है। विदेशों में नदी, पर्वत और पेड़-पौधे को उपभोग की वस्तु माना जाता है, जबकि हम नदी और पेड़ों की पूजा करते हैं। इसके बाद भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वायुमंडल और प्रकृति को कष्ट होता है। जिस तेजी से यह काम किया जा रहा है, इससे विनाश संभव है। हजारों साल पहले ही पता चला कि मानव जाति का अस्तित्व तभी तक है, जब तक नदियां, गौ माता और पेड़ विद्यमान हैं।

### सनातन धर्म का उत्थान होगा

शास्त्रीजी ने बताया की भागवत कथा, राम कथा की परंपरा सालभर चलती रहे। इसके बहाने लोग 365 दिन यानी सालभर भागवत से जुड़ें। इससे सनातन धर्म का उत्थान होगा। बाल लीला, रासलीला के साथ-साथ हमें यह समझना है कि शिशुपाल और कंस का वध किन परिस्थितियों में हुआ। हमें अति वाचलता, दमनकारी हथकंडों से अपने हाथों को खींच लेना चाहिए। रुक्मणी विवाह के उत्सव में मंगल परिणय के दौरान भगवान लक्ष्मी-नारायण स्वरूप में रुक्मणी और कृष्ण का पूजन किया गया।

### अंश मात्र अहंकार जीवन में न आने दें

महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा में बताया कि भगवान कृष्ण से हम यह सीख सकते हैं कि प्रकृति से कैसे प्रेम किया जाए। भगवान कृष्ण यही संदेश देते हैं कि प्रकृति से प्रेम और इनकी पूजा करें। सनातन धर्म में बिना प्रकृति के कोई भी अनुष्ठान नहीं होते हैं। रासलीला को ही लें, यह लीला गोलोक की है। व्यक्ति को कोशिश करना चाहिए कि अहंकार का अंश मात्र जीवन में ना आने पाएं। इस तरह के आडंबर से बचना चाहिए। लोग आराधना के नाम पर, पूजा- उपासना के नाम पर दूरी बना लेते हैं, इसे बढ़ाने की जरूरत है। तब पृथ्वी पर मनुष्य आगामी हजारों वर्षों तक स्वस्थ जीवन जी सकेगा।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
✦ Creative Classrooms & Play-Based Education
✦ Sports, Arts & Music for Holistic Growth
✦ Safe & Nurturing Environment
✦ Interactive Events & Competitions
✦ Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
ADMISSION ENQUIRY
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### पिक्लबॉल प्रदर्शन में 40 से अधिक छात्राओं ने लिया हिस्सा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिक्लबॉल एसोसिएशन व ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन के तत्वधान में विश्व के सबसे तेज गति से बढ़ते पिक्लबॉल खेल को प्रदेश एवं राजधानी में लोकप्रिय बनाने प्रदर्शन आयोजित कर रहा है। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल संघ के सचिव रूपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया पिक्लबॉल संघ के गेम्स प्रमोशन पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश के कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी में इसका प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में कल गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाडी रायपुर में इस खेल का प्रदर्शन किया गया। जिसमे लगभग 40 छात्राओं एवं प्रोफेसर ने उत्साह से भाग लिया। इस प्रदर्शन को आयोजन में महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ रिंकू तिवारी एवं महा की प्राचार्य डॉ संध्या गुप्ता का विशेष योगदान रहा। प्रदर्शन में वरिष्ठ कोच लुकेश नेताम, मोनेश साहू, रितेश साहू, प्रेम प्रकाश ध्रुव, रोहन मण्डल सहित उपस्थित खिलाड़ियों को खेल के नियमों एवं स्किल की जानकारी दी।

### राष्ट्रीय शालेय कुश्ती स्पर्धा में हिस्सा लेने बोनेश दिल्ली रवाना

**रायपुर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा बालक कुश्ती चयन प्रतियोगिता जांजगीर चांपा में आयोजित हुआ था। जिसमें जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी के बोनेश कुमार साहू ने अपना बेस्ट प्रदर्शन करते हुये 17 वर्ष, वजन समूह के 92 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता। राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा कुश्ती प्रतियोगिता 21 से 25 अप्रैल तक दिल्ली में आयोजित होगी। जिसमें बोनेश छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के उस्ताद भगवान सिंह यादव, संतोष साहू, राजकुमार नेताम, अंकालू भोयर, सोहन यदु,कृष्णा साहू, मेघराज यदु, तुलसी, मुकेश साहू, मनोज साहू, हरीश नेताम, लल्ला यदु, प्रभात भोयर, रामकुमार साहू एवं खेल प्रशिक्षक कुमार साहू एवं अखाड़ा के कुश्ती प्रशिक्षक विजय कुमार यादव, नुमेश यादव व अन्य पहलवानों ने हर्ष जताया है।



### जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 3 मई से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में दुर्ग जिला शतरंज संघ द्वारा 3 एवं 4 मई को कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल धमधा रोड में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अंडर-7,9,11 एवं अंडर-13 के शतरंज खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। जिसमें अंडर-7,9,11 एवं अंडर-13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो कि 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है। चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा। तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 400 रुपए तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 28 अप्रैल तक निर्धारित है। उक्त चैंपियनशिप के चीफ आर्बिटर अलंकार भिवगड़े/ इंटरनेशनल आर्बिटर/ एवं डिप्टी चीफ आर्बिटर रॉकी देवांगन/ फिडे आर्बिटर/ एवं सहायक के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। स्पर्धा में प्रवेश हेतु खिलाड़ी सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा से संपर्क कर सकते हैं। स्पर्धा के आयोजन में कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्य श्रीमती निधि शर्मा एवं समस्त स्टाफ तथा जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नलोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल एवं जयंता दास, हरीश सोनी, जवाहर सिंह और रवि शर्मा आदि का सहयोग हैं।

### अधिक मात्रा हमेशा नुकसानदायक, बीमारियों को मिलता है खुला आमंत्रण

# ज्यादा चीनी से डायबिटीज के अलावा जोड़ों-लिवर की भी बढ़ सकती हैं समस्याएं, सेवन से पहले रखें ध्यान

शरीर को रोगमुक्त रखने के लिए जिन चीजों की मात्रा आहार में कम से कम रखने की सलाह दी जाती है, नमक और चीनी उनमें शीर्ष पर है। आहार में नमक की अधिकता से ब्लड प्रेशर बढ़ने से लेकर हार्ट और किडनी तक की समस्याओं का खतरा हो सकता है, इसी तरह से जो लोग अधिक मात्रा में चीनी वाली चीजों का सेवन करते हैं उनमें समय के साथ डायबिटीज की बीमारी होने का जोखिम बढ़ जाता है। आहार विशेषज्ञ चीनी और नमक के अधिक सेवन को शरीर के लिए 'स्लो पॉइजन' जैसा मानते हैं जिससे धीरे-धीरे कई प्रकार की बीमारियों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है। चीनी के अधिक सेवन को आमतौर पर डायबिटीज का प्रमुख कारक माना जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि चीनी के कारण होने वाले दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं हैं। डायबिटीज के अलावा भी चीनी शरीर को कई प्रकार से प्रभावित कर सकती हैं। तो अगर आप ज्यादा चीनी खाते हैं तो अभी से सावधान हो जाइए।



#### चीनी शरीर के लिए हानिकारक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शुगर ड्रिंक, कैंडी, बेक किया हुआ सामान और मीठे डेयरी उत्पादों में ऐडेड शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसे क्या कहा जाता है, चाहे आप चीनी कहें या ऐडेड शुगर, इसकी अधिक मात्रा शरीर पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ये मान कर चलना कि ज्यादा चीनी खाने से सिर्फ डायबिटीज होने का जोखिम रहता है, आप गलती कर रहे हैं। चीनी की अधिकता ब्रेन से लेकर लिवर, जोड़ों और हार्ट तक के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।



#### मूड से संबंधित विकारों का खतरा

क्या आप जानते हैं कि चीनी खाने से आपके मस्तिष्क में डोपामाइन नामक आपको अच्छा महसूस कराने वाला रसायन उत्पन्न होता है। इससे आपको और अधिक मात्रा में चीनी वाली चीजों को खाने की इच्छा होती है। हालांकि जब आप इसका अधिक मात्रा में सेवन करने लगते हैं तो इसके कारण आपको मूड से संबंधित विकारों का खतरा हो सकता है। इतना ही नहीं ज्यादा चीनी खाने को इंफ्लामेटरी प्रभावों को बढ़ाने वाला पाया गया है

#### आर्थराइटिस होने का खतरा

यदि आपको जोड़ों में दर्द रहता है, तो मीठी चीजों का सेवन तुरंत कम कर देना चाहिए। अधिक मात्रा में चीनी या मीठी चीजों को जोड़ों में दर्द को बढ़ाने वाला माना जाता है क्योंकि ये शरीर में सूजन पैदा कर देती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग बहुत अधिक चीनी खाते या पीते हैं उनमें रुमेटाइड आर्थराइटिस विकसित होने की अधिक आशंका हो सकती है। ये आदत आपके जोड़ों के लिए भी ठीक नहीं है।

#### लिवर को हो सकता है नुकसान



ऐडेड शुगर वाली चीजों में प्रचुर मात्रा में फ्रुक्टोज हो सकती है। फ्रुक्टोज की अधिकता लिवर को नुकसान पहुंचाती है। जब फ्रुक्टोज का लिवर में ब्रेन डाउन होता है तो यह वसा में बदल जाता है, जो समय के साथ लिवर में जमा होने लगता है। लिवर में अतिरिक्त वसा के निर्माण की समस्या को फैटी लिवर के रूप में जाना जाता है जो न सिर्फ लिवर के सामान्य कार्य में बाधा डाल देती है साथ ही इससे और भी कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का खतरा हो सकता है।

## चैत्र से श्रावण के बीच क्यों पड़ते हैं इतने कम त्योहार, जानिए वजह



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि चैत्र माह के बाद पंचांग के मुताबिक बैसाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ माह आते हैं यानी कि इंग्लिश कैलेंडर में मई, जून और जुलाई का महीना। इन तीन महीनों में ऐसा माना जाता है कि ग्रह कमजोर पड़ जाते हैं।

भारत को त्योहारों वाला देश माना जाता है। न सिर्फ इंग्लिश कैलेंडर के मुताबिक बल्कि हिन्दू पंचांग के अनुसार भी इतने छोटे-बड़े त्योहार आते हैं जिनकी कोई गिनती ही नहीं।

यहां तक कि जब देव सो जाते हैं यानी कि देवशयनी एकादशी आकर चली जाती है तब से लेकर देव उठनी एकादशी तक कोई शुभ काम नहीं होते हैं लेकिन इसके बाद भी सभी बड़े पर्व इस दौरान पड़ते हैं और धूमधाम से मनाए भी जाते हैं। वहीं, एक समय ऐसा भी आता है जब तीन महीनों तक कोई भी बड़ा त्योहार आता ही नहीं है। आइये जानते हैं ऐसा होने के पीछे का कारण और कौन से महीने में नहीं पड़ते त्योहार इस अबरे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से।

#### चैत्र नवरात्रि से रक्षाबंधन के बीच त्योहार न पड़ने का कारण

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि चैत्र माह के बाद पंचांग के मुताबिक बैसाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ माह आते हैं यानी कि इंग्लिश कैलेंडर में मई, जून और जुलाई का महीना। इन तीन महीनों में ऐसा माना जाता है कि ग्रह कमजोर पड़ जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र में ऐसा बताया गया है कि कोई भी त्योहार ग्रहों के बनने वाले शुभ योगों के आधार पर मनाया जाता है। ऐसे में इन तीन महीनों में ग्रहों द्वारा कोई भी शुभ योग उत्पन्न नहीं होता है। ग्रहों की शुभता अशुभता में बदल जाती है। ग्रह क्रोधी हो जाते हैं। इसी कारण से इन तीन महीनों में कोई त्योहार नहीं पड़ते हैं। इसके अलावा, एक कारण यह भी माना जाता है कि इन तीन महीनों में सूर्य का आधिपत्य ग्रहों में बढ़ जाता है, जिसके कारण शुभ नक्षत्रों की रचना में ग्रहों का योगदान नहीं होता है। जिस प्रकार बिना ग्रहों द्वारा बनने वाले शुभ योगों के त्योहार की तिथि नहीं पड़ सकती है। ठीक वैसे ही बिना नक्षत्रों के त्योहार की पूजा संभव नहीं हो सकती है।

## धूप से आकर तुरंत पीते हैं ठंडा पानी? जान लीजिए इसके गंभीर नुकसान



गर्मियों ने दस्तक दे दी है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस मौसम में आप थोड़ी देर के लिए ही क्यों न बाहर निकलें आपका गला और जुबान सूखने लगता है,ऐसा लगता है कि कब ठंडा पानी मिल जाए और सुकून आ जाए, हम में से अधिकतर लोग धूप से आकर चिल्ड पानी पी लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आज से ही करना बंद कर दीजिए,क्योंकि इससे आपकी सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। धूप से आने के बाद ठंडा पानी पीने से आपके शरीर का तापमान गड़बड़ा जाता है। दरअसल जब आप बाहर से आते हैं तो आप के शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होता है और आप अचानक से ठंडा पानी पी लेते हैं तो इससे आपको सर्दी गर्मी की शिकायत हो जाती है। इसके कारण सर्दी जुकाम बुखार हो जाता है। वहीं जब आप अचानक से ठंडा पानी पी लेते हैं तो इससे आपके पाचन पर भी प्रभाव पड़ता है इसके कारण आपकी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है और आप को अपच की शिकायत हो जाती है। एक्सपर्ट के मुताबिक ठंडा पानी पीने से हाथ से खुलने लगते हैं और इसके कारण आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है। ठंडा पानी पीना आपके दिल के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है जब आप कुछ ठंडा पानी पीते हैं तो इससे आपका ब्लड वेसल से कूदने लगती है और ब्लड फ्लो धीमा होने लगता है और ऐसे में हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है। धूप से आकर तुरंत बाद अगर आप ठंडा पानी पी लेते हैं तो आपके सिर में गंभीर दर्द हो सकता है। ऐसा आपका ब्रेन फ्रीज होने की वजह से होता है। बहुत ज्यादा ठंडा पानी पीने से दिमाग की नसों पर असर पड़ता है, जिसके कारण यह ठीक प्रकार से काम नहीं कर पाती है।



## कॅरियर नई उड़ान देने एआई से जुड़े कोर्स पर दीजिए ध्यान

अगर आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स में बारहवीं पास करने के बाद से ही रास्ते खुल जाते हैं। एआई में करियर बनाने के लिए, आपको मैथ और प्रोग्रामिंग की जरूरत पड़ सकती है। अगर आपके पास ये स्किल्स नहीं हैं, तो आप उन्हें ऑनलाइन पाठ्यक्रम या बूट कैंप के माध्यम से सीख सकते हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐसी मशीनें बनाने का 3 विज्ञान है, जो इंसानों की तरह सोच सकती हैं और स्मार्ट वर्क कर सकती हैं, जिसका आधुनिक समय में वेब सर्च इंजन, गूगल सर्च, रोबोटिक्स, यूट्यूब, नेटफ्लिक्स, सेल्फ-ड्राइविंग कार में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। यह टेक्नोलॉजी मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विजन, डीप लर्निंग जैसे खास तकनीकों के आधार पर काम करती है।

#### बारहवीं के बाद करें

अगर आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करियर




बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथमेटिक्स में बारहवीं पास करने के बाद से ही रास्ते खुल जाते हैं। इसके बाद आप चार वर्षीय बीटेक इंजीनियरिंग कर सकते हैं। बीटेक में दाखिला के लिए आईआईटी-जेईई की परीक्षा आयोजित करायी जाती है। वैसे इस डोमेन में प्रवेश के लिए आप बीएससी कोर्स भी कर सकते हैं। एआई के क्षेत्र में विशेषज्ञता पाने के लिए आप डिप्लोमा, सर्टिफिकेट या एमटेक कोर्स भी कर सकते हैं।

#### प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की समझ

एआई के डोमेन में करियर बनाने के लिए आपको प्रोग्रामिंग, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग और डाटा साइंस के ज्ञान के साथ प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के रूप में पाइथन, जावा और सी++ का ज्ञान जरूरी है। लीनियर अलजेब्रा, प्रोबेबिलिटी और स्टेटिस्टिक्स का ज्ञान उतना ही जरूरी है। मशीन लर्निंग अल्गोरिथम, न्यूट्रल नेटवर्क के साथ स्पार्क और अन्य बड़े डाटा टेक्नोलॉजी के रूप में हडूप, कसेन्ड्रा, मोंगो डीबी जैसे ओपन सोर्स डेटाबेस का ज्ञान भी जरूरी है। नुमपी एल्गोरिदम, अपाचे स्पार्क, टेन्सर फ्लो जैसे आधुनिक फ्रेमवर्क की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

#### एआई के ट्रेंडिंग कोर्स




आप आईआईटी, मद्रास से एडवांस सर्टिफिकेशन इन डाटा साइंस एंड एआई, आईआईएम, कोलकाता से एआई इन मैन्युफैक्चरिंग, आईआईआईटी, हैदराबाद से एआई और मशीन लर्निंग में पीजी लेवल का सर्टिफिकेट कोर्स आदि कोर्स कई शैक्षणिक संस्थानों से कर सकते हैं। एआई के लिए ये हैं 5 कोर्स - फाउंडेशन ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, पीजी प्रोग्राम इन मशीन लर्निंग एंड एआई,पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डीप लर्निंग,फुल स्टैक मशीन लर्निंग एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग ।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778



पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रूई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो
हॉल, डक्टिंग,
इण्डस्ट्रीयल कूलर

रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211


RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्ट्रेस मिशेल ट्रैचेनबर्ग की मौत को लेकर न्यूयॉर्क मेडिकल परीक्षक का बड़ा खुलासा



अमेरिकन एक्ट्रेस मिशेल ट्रैचेनबर्ग का 39 साल की उम्र में निधन हो गया था, लेकिन उस समय उनकी मृत्यु का कारण सामने नहीं आया था। वहीं अब मिशेल की मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें उनकी मृत्यु का कारण सामने आया है, जो हर किसी को हैरान कर रहा है।

मिशेल ट्रैचेनबर्ग ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी, जब उनकी मृत्यु हुई तो वह सिर्फ 39 साल की ही थीं। इतनी छोटी उम्र में मिशेल के निधन से उनके सभी चाहने वाले दुखी थे। वहीं अब जाकर उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें साफ हो पाया है कि उनकी मृत्यु का कारण क्या था। यह जांच न्यूयॉर्क सिटी के मेडिकल परीक्षक की ओर से आई है।

अभिनेत्री मिशेल ट्रेचटेनबर्ग के निधन के बाद से ही उनके चाहनेवाले जानना चाहते थे कि आखिर इतनी छोटी उम्र में अचानक से वह कैसे इस दुनिया को छोड़कर चली गईं। वहीं अब जाकर न्यूयॉर्क सिटी के मेडिकल परीक्षक कार्यालय की एक रिपोर्ट सामने आई है। मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा है कि अभिनेत्री मिशेल ट्रेचटेनबर्ग की मृत्यु मधुमेह की जटिलताओं के कारण हुई थी। 39 वर्षीय मिशेल, जो ₹गॉसिप गर्ल₹ और ₹बफी द वैम्पायर स्लेयर₹ जैसे शो के लिए जानी जाती थीं, फरवरी में मैनहट्टन के अपने अपार्टमेंट में बेहोशी की हालत में पाई गई थीं। शुरू में उनकी मृत्यु का कारण साफ नहीं हो पाया था, लेकिन प्रयोगशाला परीक्षणों के बाद इसे मधुमेह से जोड़ा गया। उनके परिवार ने शव परीक्षण का विरोध किया था।

### टॉलीवुड

## 'रेट्रो' में 80 के दशक के लुक में छाए सूर्या, दुश्मन से दो-दो हाथ करते दिखे



साउथ सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रेट्रो' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म अपनी रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। दर्शकों को फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच अब फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म के निर्माताओं ने 'रेट्रो' का दमदार ट्रेलर भी जारी कर दिया है। 'रेट्रो' का आधिकारिक ट्रेलर में सूर्या को एक दमदार, एक्शन से भरपूर भूमिका में दिखाया गया है, जो उन्होंने पहले कभी नहीं निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत एक्शन सीन्स से होती है, जिसमें सूर्या अपने दुश्मनों को बेरहमी से मारते हुए नजर आते हैं। फिल्म के ट्रेलर में इसकी कहानी की झलक भी देखने को मिली। ट्रेलर में जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, हमें एक अतीत के किस्से की झलक मिलती है। सूर्या का किरदार पूजा हेगड़े द्वारा निभाई गई अपनी प्रेमिका से वादा करता हुआ दिखाया गया है, जो है अपराध और हिंसा की ज़िंदगी से दूर चले जाने का वादा, लेकिन जब दोनों फिर से मिलते हैं, तो यह पता चलता है कि सूर्या उसे रास्ते पर और आगे निकल गए हैं और पहले से भी ज्यादा हिंसक बन गए हैं। रेट्रो में पूजा हेगड़े, जोजू जॉर्ज, जयराम, नासर, प्रकाश राज और करुणाकरण भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। श्रिया सरन भी एक विशेष कैमियो भूमिका में दिखाई देंगी। संगीत संतोष नारायणन ने दिया है, जबकि कैमरा श्रेयस कृष्णा ने संभाला है। शफीक मोहम्मद अली इसके संपादक हैं। ज्योतिका और सूर्या ने 2डी एंटरटेनमेंट के बैनर तले रेट्रो का निर्माण किया है। संतोष नारायण संगीतकार हैं। यह फिल्म 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## 'मोर छैयां भुईंयां 3' के गाने धूम मचा रहे, अब ट्रेलर का इंतजार



छत्तीसगढ़ी सिनेमा के चर्चित निर्देशक सतीश जैन एक बार फिर दर्शकों के बीच धमाका करने तैयार हैं। 'मोर छैयां भुईंयां 3' का ट्रेलर 25 अप्रैल को थियेटर में लॉन्च होने जा रहा है। जबकि यूट्यूब पर 4 मई को आएगा। फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह फिल्म 'मोर छैयां भुईंयां 2' की आगे की कहानी को लेकर आएगी, जिसे अब तक का सबसे इमोशनल और दिल को छू लेने वाला पार्ट कहा जा रहा है। निर्देशक सतीश जैन कहते हैं, फिल्म बड़ी कमाल की बनी है। इस बार कहानी को आगे बढ़ाने में काफी बारीकी और संवेदनशीलता रखी गई है। सभी कलाकारों ने आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस दी है। खास बात यह है कि 'मोर छैयां भुईंयां 2' दरअसल 'मोर छैयां भुईंयां 1' की रीमेक थी, लेकिन 'मोर छैयां भुईंयां 3' एकदम नई और सीक्वल आधारित कहानी है, जिसमें दर्शकों को पिछली फिल्म से जुड़ी कई कड़ियाँ मिलेंगी। इस बार कहानी में ताजगी भरने के लिए भोजपुरी फिल्मों की चर्चित अदाकारा ऋचा दीक्षित और रायपुर की अभिनेत्री इशिका यादव को कास्ट किया गया है। सतीश जैन के अनुसार, दोनों ही अभिनेत्रियाँ फिल्म में अपने-अपने किरदार को इतने गहराई से निभा रही हैं कि दर्शक उनसे जुड़ाव महसूस करेंगे। इशिका की मासूमियत और ऋचा का अनुभव स्क्रीन पर कमाल का तालमेल लाता है।

अब तक फिल्म के जो भी गाने रिलीज हुए हैं, उन्हें दर्शकों ने सोशल मीडिया और यूट्यूब पर भरपूर रिस्पॉन्स दिया है। चाहे वह रोमांटिक नंबर हो या भावनात्मक गीत, म्यूजिक ने पहले ही फिल्म के लिए माहौल बना दिया है।

## मिलान का जलवा

लाइफ स्टाइल



चाहे ग्राफिक हो या प्रिंटेड, ये आसानी से फिट होने वाले लिफ्टर हैं। सभी सामान्य स्टेपल के साथ एक पहनने पर मेंस फैशन एक अलग ही छटा बिखेरता है। हाल की मिलान फैशन शो में ज्यामितीय से भरे ऐसे प्रिंट खूब छाये रहे। आमतौर पर मेंस फैशन में डिजाइनर बहुत ज्यादा विकल्प नहीं रखते हैं लेकिन इस बार कुछ ने कमाल दिखाया तो उन्हें भरपूर सराहना भी मिली।

## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में चाहे आप हाथों को कितना भी कवर करके रख लें, लेकिन धूप का असर इस तक पहुंच ही जाता है। वैसे तो टैनिंग से बचने के लिए आपको बाजार में कई प्रकार से टैन रिमूवल क्रीम आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप घरेलू नुस्खों में ज्यादा भरोसा करते हैं, तो इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपको हाथों की टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।

**दही और टमाटर:** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।


**कच्चा दूध:** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस




पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## शादी में ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें ट्राई, हर कोई करेगा तारीफ







कई बार ऐसा होता हैं जब आप किसी खास मौके के लिए आउटफिट तो पसंद कर लेती हैं लेकिन सही ज्वेलरी का चुनाव नहीं कर पाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आप कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं कि आप आपने आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वेलरी पहने। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो बॉलीवुड की इन एक्ट्रेसेस के लुक से आइडिया ले सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ट्रेडिशनल ज्वेलरी दिखाएंगे जिन्हें आप आपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं।

### स्टोन वर्क नेकलेस

अगर आप हैवी ज्वेलरी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने स्टोन वर्क वाला नेकलेस पहना है साथ में हाथ में इसी नेकलेस की तरह मैचिंग कंगन पहने हैं और इस ट्रेडिशनल ज्वेलरी में एक्ट्रेस में काफी सुन्दर नजर आ रही हैं। आप भी एक्ट्रेस के लुक से आईडिया लेकर बाजार से इस तरह का नेकलेस और कंगन खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 300 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### चोकर

चोकर काफी ट्रेंड में है और अगर आप साड़ी और लहंगा पहन रही हैं तो चोकर  वियर कर सकती हैं। इस चोकर को किस तरह अपने आउटफिट के साथ मैच करे इसके लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के लुक आइडिया ले सकती हैं। यह चोकर आपको आसानी से बाजार में मिल जायेगा जिन्हें आप अपने आउटफिट के हिसाब से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। ये चोकर आपको 200 से 300 की रेंज में आसानी से बाजार और ऑनलाइन मिल जाएंगे।

## समर सीजन में ऑफिस में पहनने अपनाएं ये फुटवियर

गर्मियों में ऑफिस में जाने के दौरान महिलाएं अपने आउटफिट का चुनाव बड़े ही सोच-समझ के करती हैं पर फुटवियर के मामले में थोडा कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं। ऐसा इसलिए क्योकि महिलाएं चाहती हैं कि वो ऑफिस में ऐसा फुटवियर पहने जिसमें वो कंफर्टेबल हो साथ ही इस फुटवियर में वो स्टाइलिश भी नजर आए। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं कि समर सीजन में किस तरह का फुटवियर ऑफिस में पहन सकती हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**लोफर:** ऑफिस में पहनने के लिए लोफर फुटवियर एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं इस फुटवियर में आप स्टाइलिश भी नजर आएगी। यह फुटवियर आप सूट, जीन्स साथ ही साड़ी के साथ भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की फुटवियर आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 से 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**स्लिंगबैक फुटवियर:** स्लिंगबैक फुटवियर



जहां पार्टी में पहने जा सकते हैं तो वहीं महिलाएं ऑफिस में इन्हें वियर करके जा सकती हैं। इस तरह के फुटवियर को आप डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फुटवियर में आपका लुक काफी अलग नजर आयेगा साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। यह फुटवियर आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। यह फुटवियर आपको 1000 तक की कीमत में मिल जाएंगे।

## चेहरे से फाइन लाइन्स हो जाएंगी गायब, कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल के फेस मास्क से

एक यंगर और नेचुरली ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। जहां कद्दू के बीज एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं, वहीं एलोवेरा जेल अपने सुखदायक और मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। जब आप इन दोनों को मिक्स अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपको कई लाभ मिल सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में अपनी स्किन को यंगर दिखाने के लिए कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल की मदद से बनने वाले फेस मास्क के बारे में बता रहे हैं- सबसे पहले कद्दू के बीज को पीसकर उसका पाउडर बना लें। अब इसमें एलोवेरा जेल, शहद



### एजिंग स्किन के लिए कद्दू के बीज के फायदे

कद्दू के बीज विटामिन ई, विटामिन सी और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करते हैं और स्किन को समय से पहले बूढ़ा होने से रोकते हैं। साथ ही साथ, इसमें ओमेगा -3 और ओमेगा -6 फैटी एसिड होते हैं।

### एजिंग स्किन के लिए एलोवेरा जेल के फायदे

एलोवेरा जेल अपने हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। यह नमी को बनाए रखने में मदद करता है और फाइन लाइन्स और रिंकल्स की उपस्थिति को कम करता है। साथ ही साथ, एलोवेरा में अमीनो एसिड होता है जो कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है और स्किन की इलास्टिसिटि को बेहतर बनाता है। इससे आपकी स्किन में फाइन लाइन्स कम नजर आती हैं।

### स्किन के लिए शहद के फायदे

शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट है, जिसका अर्थ है कि स्किन में नमी बनाए रखता है और उसे हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, शहद में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन के एजिंग प्रोसेस को स्लो करने में मदद करते हैं।

कार्नर न्यूज

### जींस अब महिला-पुरुष दोनों की पसंद, स्टाइल और फैशन में आगे

## जींस पहनकर दिखना हैंडसम तो इसे खरीदते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

एक समय था, जब लोग पैंट पहनना पसंद करते हैं। ऑफिस से लेकर बाहर घूमने जाने तक के लिए पैंट ही पहनी जाती थी, लेकिन आज के समय में पैंट की जगह अब जींस ने ले ली है। अब जींस एक ऐसा आउटफिट बन चुका है, जिसे पुरुष और महिला, हर कोई पहनना पसंद करता है। ये काफी आरामदायक भी होती है। जींस पहनने के बाद हर किसी का लुक काफी अलग दिखता है। जिस तरह से जींस पहनने से लोग काफी हैंडसम दिखते हैं, ठीक उसी तरह से अगर सही जींस का चयन न किया जाए तो लुक बिगड़ भी सकता है। महिलाएं तो जींस खरीदते वक्त हर एक छोटी बात का ध्यान रखती हैं, लेकिन लड़के ऐसा नहीं करते। इसी के चलते आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको जींस खरीदते वक्त जरूर रखना है। इन बातों को ध्यान में रखकर आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकते हैं।



### ट्रेंड नहीं, अपने आराम को चुनें

अक्सर लड़के ट्रेंड में जैसी जींस चल रही है, उसे बिना सोचे समझे खरीद लेते हैं। कई बार ऐसे खरीदी हुई जींस से लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हमेशा ऐसी जींस का चयन करें, जो आरामदायक हो, और जिसकी फिटिंग सही हो।

### क्वालिटी हो सही

जींस की क्वालिटी से कभी समझौता नहीं करें। ध्यान रखें कि जींस आपको पूरे दिन पहनकर रखनी है। अगर ये खराब क्वालिटी की होगी, तो ये आपको दिनभर परेशान कर सकती है। ऐसे में हमेशा हल्के स्ट्रेच वाली जींस ही खरीदें।

### बॉडी शेप का रखें ध्यान



जींस खरीदते वक्त अपने शरीर के आकार का ध्यान अवश्य रखें। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट काफी अच्छी लग सकती हैं। वहीं अगर आपकी पियर शेप बॉडी है, तो आप पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। इसके अलावा यदि आपकी कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें।

### सिलाई पर भी डालें नजर



जींस खरीदते वक्त एक बार उसे उल्टा करके उसकी सिलाई पर नजर जरूर डालें। अगर इसकी सिलाई टेढ़ी है, तो पक्का ये जींस आपको या तो ढीली आएगी, या फिर काफी टाइट आएगी। लड़कों की जींस में हमेशा स्ट्रेट योक होता है, इसी वजह से इसकी फिटिंग सही आती है।